दैनिक

www.currentcrime.com

# करंट क्राइम

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली I I मंगलवार 19 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 160 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3






BHAGIRATH PUBLIC SCHOOL

(Affiliated to CBSE, New Delhi, 10+2)

ADMISSION OPEN

(2024-2025)

Pre-Nursery to IX & XI

OUR SALIENT FEATURES

- Advance curriculum
- Trained and well educated faculty
- Fun Learning
- Experiential Learning
- Rifle Shooting Range
- CCTV Surveillance
- GPS Equipped Transport
- Co-Curricular Activities
- Language Lab
- ATL Lab

Bhagirath Campus : B-Block, Sec.23, Sanjay Nagar, Ghaziabad -201002

Call No.: 0120-2785692, +91 8800505692 | www.bhagirathpublicschool.com

ADMISSION OPEN !!

SESSION 2024-25

FROM NURSERY TO ALL CLASSES

23rd SPEEDY STRIDE KIDS INTER SCHOOL ATHLETICS CHAMPIONSHIP2023

Register Now!!

DISTRICT Athletics CHAMPIONSHIP

- Classes I to VIII
- Date: 29th to 30th Nov. 2023
- Venue: RKG Global School
- Maximum 4 events
- Entry Fee 150/- per event

R.K.G. GLOBAL SCHOOL

(A PRESTIGIOUS KNOWLEDGE RESOURCE CENTRE)

MANAGED BY: RAJ KUMAR GOEL GROUP OF INSTITUTIONS



DAY CUM BOARDING AC RESIDENTIAL SCHOOL · COHERENT CURRICULUM · GLOBAL CONNECTIVITY · LUSH GREEN WIFI CAMPUS · COMPETENCY BASED LEARNING · SYNCHRONIZING COACHING · EXCELLENT INFRASTRUCTURE · SPECIAL SPORTS ACTIVITIES · SHOOTING RANGE, FOOTBALL · PERSONAL CONTACT CLASSES · LANGUAGE ENRICHMENT EXERCISE · ACTIVE LEARNING CLASSROOMS · EXCELLENT TRANSPORT FACILITIES

Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (Near RKGITM) Ghaziabad - 201017 rkggs2022@gmail.com, principal.rkggs@gmail.com 9829227051, 9319259106, 9319259108 www.rkggs.com

होली है · सस्नेह निमंत्रण · होली है

## खूब जमेगा रंग, जब खेलेंगे गाजियाबाद वाले होली एक संग !!

दैनिक

# करंट क्राइम

## महा होली महोत्सव

## 23 मार्च 2024

दिन : शनिवार सायं : 4:00 बजे से

स्थान : इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड, गाजियाबाद

परम सानिध्य

श्री सुभाष चंद गुप्ता, डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी

संरक्षक : श्री राकेश यादव, श्रीमती अंकिता गुप्ता, श्री विवेक भाटी

निवेदक

श्री मनोज गुप्ता (सम्पादक), श्री दीपक भाटी (समाचार सम्पादक)

श्री सुभाष शर्मा, श्री गौरव शशि नारायण, श्री उदयवीर सिंह, श्री रविन्द्र शर्मा (कर्मयोगी), श्री मुनीश बिल्सवी, श्री अभिषेक गर्ग, श्री हरीश कुमार, श्री राजन माहेश्वरी, श्री मनोज डागर, श्री मनीष शिशोदिया, श्री नीरज पाल, श्री शशांक शर्मा, श्री मुकेश वैद्य, श्री वरूण लाहौरिया, श्री शिवकुमार यादव, श्री वीरेंद्र कुशवाह, श्री विष्णु गुप्ता, श्री जोगेंद्र सिंह, श्री अरूण वर्मा, श्री प्रमोद शर्मा, चौधरी अफसर अली, श्री कोमल शर्मा, श्री विक्की सैनी, श्री तनिष्क चौधरी, श्री नितिन कुमार।

आपकी भागीदारी, ताकत हमारी

# चुनावी रणभेरी बजी पर अवध के चर्चित समर से योद्धा ही नदारद, चार सीटों पर है खास नजर

**लखनऊ ।** अवध की इन चार सीटों पर सभी की नजर है। इन पर अभी भी राजनीतिक दलों ने पत्ते नहीं खोले हैं। हालांकि, अमेठी सीट पर उम्मीदवार की घोषणा कर दी गई है। प्रत्याशियों का चयन। जातीय समीकरण। हार-जीत का गणित। मुद्दों के जरिए मोचेबंदी। इन सबका मेल ही चुनावी रंगत बढ़ाता है। मतदाताओं को रोमांचित करता है। रिझाता भी है। लेकिन इस बार अवध के चर्चित चुनावी समर से योद्धा ही नदारद हैं। मसलन, जिस रायबरेली व अमेठी से गांधी परिवार की पहचान है वहां से अभी कांग्रेस प्रत्याशी ही तय नहीं कर पाई। भाजपा भी बस अमेठी से स्मृति को उतार रायबरेली में मौन साधे कांग्रेस की चाल पर नजर गड़ाए है। कैसरगंज का अखाड़ा भी सूना है। भाजपा की चुप्पी यहां के चुनावी समर को रोमांचित कर रही है। बृजभूषण का सधा अंदाज कहें या फिर सपा व बसपा की राजनीतिक मजबूरी, दोनों ही मौन हैं। सुल्तानपुर से बस इंडिया ने भीम निषाद को मैदान में उतारा है।



### रायबरेली : गांधी के गढ़ में गफलत

चर्चित रायबरेली के रण से चुनावी योद्धा नदारद हैं। चाहे कांग्रेस हो या फिर भाजपा, बसपा। कोई भी पार्टी अभी प्रत्याशी तय नहीं कर सकी है। गठबंधन के अनुसार सपा ने पहले ही कांग्रेस को रायबरेली सीट दे दी है। ऐसे में प्रत्याशी को लेकर ऊहापोह की स्थिति धीरे-धीरे रोमांचकारी मोड़ पर पहुंच गई है।

- वैसे तो रायबरेली लोकसभा का चुनाव हमेशा से दिलचस्प रहा है। 1952 से हुए अब तक के चुनाव में विपक्षी दलों पर कांग्रेस भारी पड़ी है। वर्ष 2004 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की बहू सोनिया गांधी ने यहां की राजनीति संभाली।
- सोनिया पांच बार सांसद चुनी गईं। लेकिन उनके राज्यसभा जाने से गांधी परिवार की विरासत पर असमंजस है। अभी के हालात बदले हैं। सपा के कद्दावर मनोज पांडेय भाजपा के साथ हैं। इस सब के बीच प्रत्याशियों की घोषणा नहीं होने से चचाओं ने अपनी चाल भी बदली है।
- सुल्तानपुर सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मेनका गांधी का टिकट होल्ड किया है। ऐसे में सपा ने भीम निषाद के रूप में मोचेबंदी में बाजी मारी है। लेकिन वीआइपी सीट पर भाजपा का मौन कई सवाल खड़े कर रहा है। बसपा की चुप्पी भी समीकरण की ही अहम कड़ी मानी जा रही है।
- फिलहाल भाजपा में ही करीब आठ दावेदार ऐसे हैं जिन्होंने टिकट के लिए दिल्ली में डेरा डाला है। इनमें से कुछ विधायक हैं तो कुछ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के करीबी।

### अमेठी : बस भाजपा की स्मृति इरानी

यहां से अभी तक सिर्फ भाजपा ने ही स्मृति जूबिन इरानी को मैदान में उतारा है। वह वर्ष 2014 व 2019 में भी चुनाव लड़ चुकी हैं। पहले में हार के बाद दूसरे में उन्होंने राहुल गांधी को हराया।

- वर्ष 2024 के सियासी रण के लिए स्मृति के नाम की पार्टी ने पहली ही सूची में घोषणा कर दी। अमेठी की सीट सपा-कांग्रेस गठबंधन में कांग्रेस के खाते में है। कांग्रेस यहां पर अभी तक चुप्पी साधे हुए है। स्थानीय कांग्रेसी यहां से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने की मांग कर रहे हैं, लेकिन शीर्ष नेतृत्व अभी निर्णय नहीं ले सका है। वैसे यहां कई नाम चर्चा में हैं। सभी की नजर गांधी परिवार पर टिकी है।
- बसपा भी प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही है, हालांकि नेताओं के नाम को लेकर अभी खामोशी ही है।

### सुल्तानपुर : सिर्फ सपा ने खोले पत्ते

लोकसभा चुनाव का एलान होते ही समाजवादी पार्टी ने सुल्तानपुर में अपने पत्ते खोल दिए। पार्टी ने अंबेडकरनगर निवासी भीम निषाद को मैदान में उतार दिया। मूल रूप भीम आजमगढ़ के रहने वाले हैं।

- सुल्तानपुर सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मेनका गांधी का टिकट होल्ड किया है। ऐसे में सपा ने भीम निषाद के रूप में मोचेबंदी में बाजी मारी है। लेकिन वीआइपी सीट पर भाजपा का मौन कई सवाल खड़े कर रहा है। बसपा की चुप्पी भी समीकरण की ही अहम कड़ी मानी जा रही है।
- फिलहाल भाजपा में ही करीब आठ दावेदार ऐसे हैं जिन्होंने टिकट के लिए दिल्ली में डेरा डाला है। इनमें से कुछ विधायक हैं तो कुछ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के करीबी।

### कैसरगंज : सूना पड़ा अखाड़ा

चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही राजनीति के रण में रोमांचकारी मुकाबले की पूरी तैयारी है। लेकिन चर्चित कैसरगंज लोकसभा सीट को लेकर अभी असमंजस है। यहां से किसी पार्टी ने उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

- रेसलर विवाद के बाद करीब साल भर से चर्चा में रही कैसरगंज लोकसभा सीट राजनीतिक कारणों से अभी सुर्खियों में है। तमाम कयास, राजनीतिक कलाबाजी और समीकरण के बाद भी भाजपा ने उम्मीद के अनुसार पत्ता नहीं खोला है। सपा और बसपा भी मौन का रहस्य बनाए हुए हैं। सभी दल एक-दूसरे की चाल को गंभीरता से परख रहे हैं। वर्ष 2014 व 2019 में बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से सांसद चुने गए।
- कैसरगंज लोकसभा सीट से अभी जिले के ही दो विधायकों की उम्मीदवारी को लेकर चर्चा है। भाजपा पैनल ने शीर्ष नेतृत्व को उनका नाम भी भेजा है। खैर...प्रत्याशी कोई भी हो, लेकिन यहां का मुकाबला रोमांचित करने वाला रहेगा।

# बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज के बाहर प्रदर्शन

## प्रोफेसर सलीम शेख पर यौन उत्पीड़न का आरोप



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज की महिला एमबीबीएस छात्रों ने सहायक प्रोफेसर सलीम शेख पर शारीरिक शोषण और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया।

राजधानी दिल्ली में बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज की 13 महिला एमबीबीएस छात्रों ने सहायक प्रोफेसर सलीम शेख पर शारीरिक शोषण और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। मामले को लेकर लोगों में भारी गुस्सा और आक्रोश है। कॉलेज के बाहर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है जिसको लेकर पुलिस की तैनाती की गई है। मेडिकल कॉलेज के बाहर यौन शोषण के खिलाफ छात्रों ने प्रदर्शन किया। फिलहाल प्रशासन के साथ बातचीत चल रही है। मेडिकल कॉलेज के प्रमुख ईश्वर सिंह का कहना है कि ऐसा कोई मामला नहीं है।

अंबेडकर कॉलेज से संबंधित मेडिकल कॉलेज में एक असिस्टेंट प्रोफेसर पर मेडिकल की छात्राओं ने यौन शोषण का आरोप लगाया था। इसी मामले में आज कई संगठनों ने प्रशासन के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पुलिस ने प्रशासन से मिलकर छात्रों को समझाया फिलहाल बातचीत चल रही है।

# कांग्रेस के बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर रोक लगाने से इनकार

**शिमला ।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के छह बागी कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। हिमाचल प्रदेश के छह बागी कांग्रेस विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के छह बागी कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। बागी नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने मामले को अदालत में पेश किया।

सुप्रीम कोर्ट ने बागी नेताओं की उन्हें अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने बागी नेताओं को अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही वोट देने या सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने से भी इनकार कर दिया। मामले की सुनवाई 6 मई को होगी। दोनों को पक्षों को चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करना होगा।

बता दें, प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने व्हिप का उल्लंघन करने पर छह कांग्रेस विधायकों सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, इंद्रदत्त लखनपाल, रवि ठाकुर, देवेंद्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा की योग्यता रद्द कर दी थी। जारी होने के बावजूद ये विधायक सदन में बजट पारित होने के दौरान उपस्थित नहीं हुए, जिसके चलते विस अध्यक्ष ने इन पर कार्रवाई की थी। राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोटिंग करने वाले इन बागियों ने विस अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।



### नियमों के तहत हुई कार्रवाई:विनय कुमार

हिमाचल विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है। 6 मई को फिर सुनवाई होगी और विधानसभा सचिवालय को जो नोटिस जारी किया गया है उसका हम जवाब देंगे। जो भी कार्रवाई हुई है वो नियमों के तहत हुई है।

# केंद्रीय चुनाव आयोग ने गृह सचिव को हटाने के दिए निर्देश



**देहरादून ।** शैलेश बगोली गृह सचिव के पद पर हैं और साथ ही वह सीएम धामी के सचिव का भी दायित्व संभाल रहे हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग ने सोमवार को उत्तराखंड के गृह सचिव को हटाने का आदेश दिया है। उत्तराखंड में आईएएस शैलेश बगोली गृह सचिव के पद पर हैं और साथ ही वह सीएम धामी के सचिव का भी दायित्व संभाल रहे हैं। आयोग ने यह आदेश निष्पक्ष लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए लिया है। दो सीट पर कांग्रेस आज कर सकती है प्रत्याशियों की घोषणा, पार्टी में हलचल संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने बताया कि नए गृह सचिव के लिए चुनाव आयोग को जल्द ही अधिकारियों के नाम का पैनल भेजा जाएगा। निर्वाचन आयोग ही नए गृह सचिव का नाम तय करेगा।

# नायब सैनी की सीएम पद पर नियुक्ति को चुनौती, विस अध्यक्ष समेत चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**चंडीगढ़ ।** भाजपा की मनोहर लाल सरकार ने कुछ दिन पहले गठबंधन तोड़ इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद नायब सिंह सैनी को नया सीएम बनाया गया था।

सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं। उन्होंने विधानसभा में बहुमत भी हासिल कर लिया है। हरियाणा में मुख्यमंत्री पद पर नायब सिंह सैनी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर आज पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने मामले में हरियाणा सरकार, केंद्र सरकार, विधानसभा अध्यक्ष और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। एडवोकेट जगमोहन सिंह भट्टी ने याचिका में आरोप लगाया था कि नायब सिंह की मुख्यमंत्री के तौर पर नियुक्त नियमों के खिलाफ जाकर की गई है। हर शरण वर्मा बनाम उत्तर प्रदेश व अन्य मामले का हवाला देते हुए याची ने कहा कि राज्यपाल अनुच्छेद 164 के तहत राज्य की विधानसभा के बाहर के किसी व्यक्ति को मंत्री पद पर नियुक्त नहीं कर सकते हैं। सैनी अभी सांसद हैं और ऐसे में वह विधानसभा का हिस्सा नहीं है। इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि हरियाणा की विधानसभा में 90 सीट हैं और यदि नायब सैनी को मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया जाता है तो यह संख्या बढ़ कर 91 हो जाएगी। याचिका में कहा गया कि सैनी की नियुक्ति संवैधानिक नियमों की अवहेलना कर की गई है।



सैनी की नियुक्ति नहीं बल्कि इंस्टॉलेशन की गई है जिससे खुलेआम संविधान का मजाक उड़ाया गया है। इससे पहले 2019 में याची ने हरियाणा में उप मुख्यमंत्री पद पर दुष्यंत चौटाला की नियुक्ति को भी चुनौती दी थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था।

# 'पद देखकर नहीं होती कार्रवाई' : साहब बोले- छत्तीसगढ़ को लूटने वाले बख्शे नहीं जाएंगे

**छत्तीसगढ़ ।** डिप्टी सीएम ने कहा कि एजेंसियां कानून सम्मत कार्य कर रही हैं, इस कार्रवाई का चुनावी कार्रवाई से कोई लेना देना नहीं है। जांच के बाद एफआईआर दर्ज हुई है, एफआईआर दर्ज होने के बाद पेट में दर्द क्यों हो रहा है। महादेव एप मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि जिस तरह भूपेश बघेल बोल रहे हैं उससे साफ है कि चोर की दाढ़ी में तिनका है, मामले में न्यायालयीन प्रक्रिया और कार्रवाई हो रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि गूगल में 508 करोड़ सर्च करने पर भूपेश बघेल का उल्लेख मिलता है। कानूनी प्रक्रिया और कानूनी कार्रवाई किसी के पद और कद को देखकर नहीं होती है। डिप्टी सीएम ने कहा कि एजेंसियां कानून सम्मत कार्य कर रही हैं, इस कार्रवाई का चुनावी कार्रवाई से कोई लेना देना नहीं है। जांच के बाद एफआईआर दर्ज हुई है, एफआईआर दर्ज होने के बाद पेट में दर्द क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि बेटिंग एप के जरिए युवाओं के भविष्य से खेला गया और आकाओं के एटीएम के रूप में कार्य किया गया। कोई भी कितना भी बड़ा हो कार्रवाई होनी चाहिए। अरुण साव ने आगे कहा कि छग को लूटने और बर्बाद करने वालों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजनीतिक विद्वेष में कार्रवाई के आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं। राजनीतिक विद्वेष वश कार्रवाई की सरकार की कोई मंशा नहीं है। भूपेश बघेल न्यायालयीन प्रक्रिया और कार्रवाई का सामना करें। अनाप- सनाप बयानबाजी से कुछ होने वाला नहीं है। जांच की कार्रवाई लंबे समय से चल रही है, जांच के आधार पर ही कार्रवाई हो रही है।



# उत्तराधिकारी उतारने वाले हैं लालू प्रसाद यादव

## क्यों रोहिणी का नाम इतनी तेजी से उभरा



**बिहार।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने इस महीने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के मंच से बेटी रोहिणी आचार्या की प्रशंसा की। अब रोहिणी की तस्वीरें भी चर्चा में आ रही हैं। कहा जा रहा है कि वह उत्तराधिकारी उतारने वाले हैं। लोगों की जुबान पर एक बात तेजी से आ रही है कि कहीं इस सदी की शुरूआत में जो हुआ था, वही फिर तो नहीं होने वाला है। क्योंकि, लालू परिवार की एक नई किरदार का राजनीति में पदार्पण होगा- ऐसा माहौल बनाया जा रहा है। राष्ट्रीय जनता दल के कोर वोटरों को जैसे थमार्मीटर लगाकर देखा जा रहा है कि वह इसे कैसे लेते हैं। हां, नाम है रोहिणी आचार्या का। सीमांचल में जब लालू प्रसाद यादव ने रैली में वर्चुअल तरीके से हाजिरी बनाई थी, तब भी रोहिणी का नाम लिया था। इस महीने की शुरूआत में पटना के गांधी मैदान में सशरीर हाजिर हुए तो भी रोहिणी आचार्या का नाम लिया। और, अब रोहिणी आचार्या की राजनीतिक सक्रियता वाली कुछ तस्वीरें भी अलग-अलग स्तर से वायरल की जा रही है, ताकि रिस्पांस देखा जाए।

**पीएम मोदी ने उठाया था परिवार का मुद्दा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में नई सरकार के गठन के बाद दो बार राज्य का दौरा किया और दोनों ही बार परिवारवाद के लिए राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को निशाने पर रखा। पीएम मोदी को लालू ने जवाब दिया कि उनके पास परिवार नहीं है। इसपर देशभर में भाजपा ने अभियान चलाया और खास नेताओं से लेकर आम भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुद को पीएम मोदी का परिवार बताया। पीएम मोदी के उस परिवार के जवाब में राजनीतिक प्रेक्षकों को लग रहा था कि लालू कुछ बैकफुट पर जाएंगे। लेकिन, हो कुछ उलटा रहा। लालू परिवार से अब एक नए सदस्य के रूप में रोहिणी आचार्या को लांच पैड पर लाने वाले हैं।

**रोहिणी आचार्या क्यों जरूरी, कितना फायदा :** चाणक्य स्कूल ऑफ पॉलिटिकल राइट्स एंड रिसर्च के अध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा कहते हैं कि ₹परिवार में अब दो ही विकल्प नजर आ रहे हैं- एक तो रोहिणी हैं और दूसरी राजश्री यादव। चारा घोटाला से लेकर लैंड फॉर जॉब तक में लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, बेटे तेजस्वी यादव पर आंच साफ दिख रही है।

ऐसे में तेजस्वी यादव की पत्नी राजश्री यादव विकल्प बन सकती थीं, लेकिन वह राजनीतिक रूप से उतनी जवाबदार नहीं हैं। ऐसे में रोहिणी आचार्या का सामने आना चौंकाने वाला नहीं है। जहां तक तेज प्रताप यादव का सवाल है तो उनपर अमूमन कम ही जिम्मेदारी दी जाती है। वह घोटाले में भी चर्चित नहीं हैं और परिवार की राजनीतिक विरासत भी उनके ऊपर नहीं सौंपी गई है। बड़े होने के बावजूद वह डिप्टी सीएम नहीं बने, बल्कि तेजस्वी बने। ऐसे में समझना बहुत मुश्किल नहीं कि क्यों रोहिणी आचार्या का नाम आगे आ रहा है।

# दिल्ली का जल बोर्ड घोटाला क्या है, जिसमें ईडी ने केजरीवाल को भेजा समन? शराब घोटाले से कितना अलग

**दिल्ली।** दिल्ली में शराब घोटाले के बाद अब जल बोर्ड घोटाला सुर्खियों में है। जल बोर्ड में हुए घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी पहला समन जारी कर चुकी है। वहीं दूसरी तरफ शराब घोटाला मामले में भी नौ बर पूछताछ के लिए समन जारी हो चुके हैं। दोनों में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। दिल्ली में एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं। शराब घोटाले के बाद अब दिल्ली जल बोर्ड का घोटाला सुर्खियों में है। इन दोनों घोटालों की आंच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक आ चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाले में नौवां और जल बोर्ड घोटाले में पहला समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया। लेकिन अरविंद केजरीवाल इन दोनों समन पर ईडी कार्यालय में पेश नहीं हुए। शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार के कई मंत्री जेल में बंद हैं। वहीं दूसरी तरफ जल बोर्ड में टेंडर बांटने में गबन का आरोप लग रहा है। इसी मामले में ईडी दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।



### क्या है जल बोर्ड घोटाला

प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि दिल्ली जल बोर्ड का ठेका बढ़ी हुई दरों पर दिया गया। ताकि ठेकेदारों से रिश्वत वसूली जा सके। ठेके का मूल्य 38 करोड़ रुपये था और इस पर सिर्फ 17 करोड़ रुपये खर्च किए गए और शेष राशि गबन कर ली गई। इस तरह के फर्जी खर्च रिश्वत और चुनावी कोष के लिए किए गए थे। कथित तौर पर जल बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा ने एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 38 करोड़ रुपये का ठेका दिया था। यह ठेका इलेक्ट्रोमेग्नेटिक फ्लो मीटर्स की आपूर्ति, स्थापना और परीक्षण के लिए दिया गया था। इस मामले में आरोप लगाया गया है कि बोर्ड और एनबीसीसी के अधिकारियों ने रिश्वत के लिए एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर का पक्ष लिया। ईडी ने इस मामले में गत 31 जनवरी को जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। उधर ईडी ने मामले से जुड़ी मनी ट्रेल की जांच करते हुए आरोप लगाया है कि एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर को अनुबंध दिए जाने के बाद अरोड़ा को नकद और बैंक खाते में रिश्वत प्राप्त हुई थी। यह पैसा अलग-अलग पार्टियों को देने का आरोप लगाया गया। वहीं आम आदमी पार्टी को चुनावी फंड के तौर पर भी पैसा दिया गया। बीते दिनों मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार, आम आदमी पार्टी के कोषाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता और अन्य लोगों के यहां छापेमारी की थी।

### जानें क्या है शराब घोटाला मामला

कोरोना काल के बीच दिल्ली सरकार ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 लागू की थी। इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया था।

### अभी तक कितनी गिरफ्तारियां हुई हैं?

दिल्ली शराब नीति अनियमितता मामले की जांच कर रही दोनों एजेंसियां सीबीआई और ईडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, बेनॉय बाबू (फ्रांसीसी शराब कंपनी पर्नोड रिकार्ड के महाप्रबंधक), पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। अब इस मामले में आप संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी पूछताछ के लिए बुला रही है। अब तक पूछताछ के लिए ईडी नौ समन जारी कर चुकी है। वहीं ईडी ने कोर्ट में शिकायत दी तो अब मुख्यमंत्री जमानत पर बाहर हैं।

### घोटाले की जांच कैसे शुरू हुई?

इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया था। सीबीआई ने अगस्त 2022 में इस मामले में 15 आरोपियों के खिलाफ नियमों के कथित उल्लंघन और नई शराब नीति में प्रक्रियागत गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की। बाद में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के संबंध में ईडी ने पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की जांच शुरू कर दी। ईडी और सीबीआई दिल्ली सरकार की नई शराब नीति में कथित घोटाले की अलग-अलग जांच कर रही हैं। ईडी नीति को बनाने और लागू करने में धन शोधन के आरोपों की जांच कर रही है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...







# कौन भरेगा गाजियाबाद से लोकसभा वाला पर्चा

## सस्पेंस बरकरार और नहीं हुई देर रात तक इस पर चर्चा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद लोकसभा के टिकट को लेकर जब भाजपा की कमेटी बैठी तो दिल्ली से लेकर लखनऊ तक फोन होने शुरू हो गए। हर कोई इस बैठक की पल-पल की अपडेट लेना चाहता था। गाजियाबाद को लेकर सस्पेंस बरकरार रहा। सोमवार की शाम से रात हो गई लेकिन सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद को लेकर ही बात नहीं हुई। सस्पेंस भी बरकरार रहा और टिकट का फैसला अभी होना है। देर रात भी इस पर चर्चा नहीं हुई थी और यह माना जा रहा था कि आज गाजियाबाद सीट का फैसला हो जाएगा। सूत्र बताते हैं कि दिल्ली में प्रदेश के कई कद्दावर नेता भी बुलाए गए और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दिल्ली में थे। सूत्र बताते हैं कि उत्तर प्रदेश की कोर बैठक भी हुई और यहां भी टिकट को लेकर कुछ फाइनल नहीं हुआ।

**गाजियाबाद लोकसभा के टिकट को लेकर जब भाजपा की कमेटी बैठी तो दिल्ली से लेकर लखनऊ तक फोन होने शुरू हो गए। हर कोई इस बैठक की पल-पल की अपडेट लेना चाहता था।**

### होल्ड वाले डिसीजन के बाद से बढ़ गया है सियासी पारा

**करंट क्राइम।** भाजपा की चुनाव समिति ने नोएडा का टिकट घोषित कर दिया। अन्य स्थानों के भी टिकट घोषित हुए लेकिन कहानी में मोड़ तब आ गया जब भाजपा की लिस्ट जारी हुई और उसमें गाजियाबाद तथा मेरठ का टिकट होल्ड पर रख दिए गए। सियासी गलियारों में चर्चा का माहौल है। अब पार्टी हाईकमान के फैसले पर सबकी निगाहें टिकी हैं।




# हिमांशु लव करेंगे होली मिलन में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित

## केसी त्यागी होंगे मुख्य अतिथि और कवि सम्मेलन होगा आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव हमेशा से शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों में सबसे आगे रहते हैं। पार्षद बनने के बाद उन्होंने अपने वार्ड में सबसे पहले सफाई कर्मचारियों के सम्मान की परंपरा शुरू की थी। हिमांशु लव ने अपने पिता की मृत्यु के बाद उनकी स्मृति में कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबिल ट्रस्ट बनाया है। इस वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन इसी ट्रस्ट के माध्यम से किया जा रहा है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद तथा जदयू के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी मुख्य अतिथि होंगे। एडीएम सिटी गंभीर सिंह पूर्व विधायक कृष्णवीर सिंह सिरोही, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, दैनिक करंट क्राइम के मुख्य संपादक मनोज गुप्ता,





दैनिक युग करवट के एडिटर इन चीफ सलामत मियां, दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी, दैनिक जर्नी ऑफ सक्सेस के मुख्य संपादक सुबोध शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। हिमांशु लव ने बताया कि कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह में 20 मार्च को 5 सफाई कर्मचारियों का भी सम्मान होगा। 20 मार्च बुधवार को आरके बैंक्वट हॉल जीटी रोड में आयोजित होने वाले इस होली मिलन समारोह में डॉ. अर्जुन सिसौदिया, अंजु जैन, मोहित शौर्या, कपिल वीर तोमर, बबीता राणा, सौरभ राणा, पीयूष मालवीय, दुर्गेश तिवारी द्वारा कविता पाठ किया जाएगा।




# पीड़ित महिला ने रची थी एसिड अटैक की झूठी साजिश, पुलिस ने 5 बेगुनाहों को जेल जाने से बचाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सिहानी गेट पुलिस ने एक महिला द्वारा लगाए गए सनसनीखेज आरोपों का खुलासा किया है। जिसके बाद जांच में यह पाया गया है कि महिला ने जो एसिड अटैक का मुकदमा दर्ज कराया था और पूरा षड्यंत्र रचा था वह झूठा था। इस मामले में डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सोमवार को सिहानी गेट थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। दरअसल यह महिला अपने पति की मृत्यु के आरोपियों से आर्थिक लाभ लेना चाहती थी ,आर्थिक लाभ नहीं मिलने पर इसने एसिड अटैक की झूठी कहानी रची, जिसे पुलिस ने पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर फेल कर दिया है। फिलहाल महिला का इलाज दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है।

## पीड़ित महिला की जल्द पुलिस करेगी गिरफ्तारी



### पुलिस ने खंगाले 100 से ज्यादा सीसीटीवी

करंट क्राइम। इस पूरे मामले में एसीपी नंदग्राम रवि सिंह का कहना है कि पुलिस ने इस पूरे मामले में लगभग 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। कैमरों की जांच की इसके साथ ही पुलिस ने जिन तीन आरोपियों पर महिला ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया था उनकी कई दिनों की लोकेशन और फुटेज भी निकाली है। महिला ने बताया था नया बस अड्डे से नंदग्राम कट पर गई, इसी दौरान महिला पैदल जाती दिखाई दी, जिसके बाद पुलिस को शक हुआ और पुलिस ने इस पूरे मामले की पड़ताल शुरू की।

### किराना स्टोर से खरीदी थी एसिड की बोतल



**करंट क्राइम।** पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसपर एसिड अटैक हुआ है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, जानकारी मिली है कि महिला अपने बेटे संग राशन लेने बाइक पर बैठकर मार्केट गई थी। बेटे ने अपनी मां को भाटिया मोड़ पर राशन की दुकान पर छोड़कर चला गया था। दो घंटे के इंतजार के बाद वह पैदल ही न्यू पंचवटी कॉलोनी के बाहर निकलकर प्रदीप किराना स्टोर पहुंची थी। वहां से उसने तीस रुपये में टॉयलेट क्लीनर की बोतल खरीदी थी। इसके बाद गैस एजेंसी के आगे चलकर मंदिर के नजदीक महिला ने बाएं हाथ से दाहिने कंधे के ऊपर टॉयलेट क्लीनर और बोतल नाली में फेंक दी थी। बाद में वह पैदल चलकर नंदग्राम कट जाकर डिवाइडर पर बैठ गई और वहां उसने ट्रैफिक पुलिसकर्मी के पहुंचने पर एसिड अटैक की कहानी सुनाई थी।

### दो साल पहले पति की हुई थी मौत

**करंट क्राइम।** पुलिस ने बताया है कि महिला का पति स्वदेशी मिल कंपाउंड में नौकरी करता था। साल 2022 में फैक्ट्री में आग लगने से इसके पति की मृत्यु हुई थी, इस मामले में फैक्ट्री मालिक सुधीर कौशिक साथी गौरव चौहान, सहकर्मी विजय श्रीवास्तव के खिलाफ थाना कवि नगर में गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखा गया। इस मामले में चार्ट सीट लग गई, इसके अलावा महिला ने इस बाबत एक वाद लेबर कोर्ट में भी डाला हुआ था, वह इन लोगों से आर्थिक लाभ लेना चाहती थी लेकिन अपनी साजिश में जब कामियाब नहीं हुई तो उसने यह है षड्यंत्र रचा था।

# चुनाव को लेकर अधिकारी आए फील्ड वाले मोड पर

## किसी ने जांचा मतदान केंद्र, तो कोई पहुंचा क्रिटिकल बूथ

### प्रत्येक डीसीपी कर रहे हैं निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** आगामी लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए अब अधिकारी अलर्ट मोड पर आ गए हैं और वह कार्यालय छोड़कर फील्ड की ड्यूटी पर नजर आ रहे हैं। सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों ने अलग-अलग मतदान केंद्र, क्रिटिकल बूथ और संवेदनशील इलाकों में जाकर फिजिकल निरीक्षण किया है। इसके साथ ही प्रशासन के अधिकारियों द्वारा भी अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में निरीक्षण का कार्य शुरू कर दिया गया है। सोमवार को खुद जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग ऑफिसर इन्द्र विक्रम सिंह ने पोलिंग पार्टी के रवानगी स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए रवानगी के लिए चयनित वाहनों को समय पर अधिकरण करने का भी निर्देश दिया है।





### सीसीटीवी पर रहेगा खास जोर

**करंट क्राइम।** पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार के चुनाव में कैमरे की गतिविधि अधिक देखने को मिलेगी। तमाम बूथों से लेकर ऐसे स्थानों को कवर करने का काम किया जा रहा है जहां पर किसी प्रकार की गड़बड़ी और मतदान केंद्र पर व्यवस्था अव्यवस्था में तब्दील होने का अंदेशा रहता है। वहां अधिक कैमरें लगवाएं जाएंगे।

### सिटी ट्रांस हिंडन और देहात में पुलिस दिखी एक्टिव

**करंट क्राइम।** डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि उन्होंने अपने क्षेत्र के क्रिटिकल वोटो का निरीक्षण शुरू कर दिया है। उन्होंने शहीद नगर, पसौंडा, साहिबाबाद का दौरा कर लिया है। आने वाले दिनों में वह खोड़ा और महाराजपुर का निरीक्षण करेंगे। इसी के साथ सिटी जोन में एसीपी सिटी प्रियाश्री पाल ने विजयनगर और घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में आने वाले पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया है। यहां जानकारी मिली है कि तीन पोलिंग बूथ के नाम सरकारी रिकॉर्ड में ठीक नहीं थे, उनको भी दुरुस्त कराने का काम किया गया है। इसके साथ ही डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने जानकारी दी है कि सभी अति संवेदनशील केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

# महापौर व नगर आयुक्त ने दिल्ली में की कोरिया के मेयर से शिष्टाचार भेंट

## विदेशी मेहमान को राम मंदिर प्रतिमा, श्रीमद्भागवत गीता एवं पुष्प देकर किया स्वागत

गाजियाबाद,करंट क्राइम। दिल्ली स्थित हैबिटेट सेंटर में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के मेयर क्वांगयेअल किम और उनके साथियों के साथ महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक ने शिष्टाचार मुलाकात की। कोरिया के यिओंग डिओक शहर के मेयर भारत घूमने आए थे जिसमें वह रोजाना अलग अलग स्थानों पर घूम रहे हैं। विदेशी मेहमान अयोध्या और बनारस दर्शन करने भी जाएंगे। भारत के किसी मेयर से मिलने की इच्छा जाहिर करने पर गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने

### महापौर व नगर आयुक्त को कोरिया आने का न्योता



दिल्ली में उनसे भेंट की और राम मंदिर प्रतिमा,श्रीमद्भागवत गीता देकर अपनी परंपरा के मुताबिक शॉल उड़ाकर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। ऐसे ही उन्होंने भी अपने देश मे निर्मित वस्तु दी और हाथ जोड़कर नमस्ते की।

महापौर एवं नगर आयुक्त ने विदेशी मेहमानों से बात की और अपने शहर के बारे में भी विस्तार से चर्चा कर आइडिया शेयर किए। कैसे शहर को और बेहतर बनाया जा सके इस पर भी वार्ता हुई। मुलाकात के दौरान गाजियाबाद नगर निगम कचरा निस्तारण प्रणाली, कैमरा इंटीग्रेशन, गाजियाबाद 311एप के माध्यम से जन समस्याओं का समाधान व अनेक विषय पर विस्तार से जानकारी साझा की गई और अंत में विदेश से मेयर और उनकी टीम ने गाजियाबाद की महापौर एवं नगर आयुक्त को अपने शहर आने का न्योताभी दिया।


|| राम || || राम || || राम ||

## शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमती सरोज गर्ग पत्नी श्री सूर्य प्रकाश गर्ग का स्वर्गवास रविवार 10 मार्च, 2024 को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी।
श्रद्धांजलि सभा बृहस्पतिवार, 21 मार्च, 2024 को होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम
बृहस्पतिवार 21 मार्च, 2024

| | | |
|---|---|---|
| हवन | : | प्रात : 9:00 बजे |
| ब्रह्मभोज | : | दोपहर 12:00 बजे |
| कार्यक्रम स्थल | : | निवास स्थान : आर–2/188, राजनगर, गाजियाबाद |
| श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी | : | दोपहर 3:00 बजे<br>हिन्दी भवन, लोहियानगर, गाजियाबाद |

शोकाकुल परिवार
सूर्य प्रकाश गर्ग (पति)
निखिल एवं गरिमा गर्ग (पुत्र एवं पुत्रवधु)
अधृत गर्ग (पौत्र)
मोतीलाल गर्ग (देवर)
सुभाष गर्ग (देवर)
अरविन्द गर्ग (देवर)
अजय गर्ग (भतीजा)
सौरभ गर्ग (भतीजा)
गौरव गर्ग (भतीजा)
प्रणव गर्ग (भतीजा)
अंकित गर्ग (भतीजा)

मोनिका–अनिल जिन्दल (बेटी–दामाद)
अंजू–रोहित वाजपेयी (बेटी–दामाद)
सोनू–रजत जैन (बेटी–दामाद)
निधि–आशीष मित्तल (बेटी–दामाद)

मैसर्स विजय कुमार सूर्य प्रकाश
मैसर्स आर० डी० स्टील्स
मैसर्स एम० एल० स्टील्स
मैसर्स एम० एल० आयरन प्रा० लि०
मैसर्स आर० डी० फोर्ज

# 9818491111, 9810500346, 9810033459, 9810005078, 9810685485

|| राम || || राम || || राम ||

## संपादकीय

# निष्पक्षता का चुनाव हो आम चुनाव

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनावी पर्व भी व्यापक और गहरा होता है। करीब 97 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर 18वीं लोकसभा में भारत सरकार का निर्वाचन करेंगे। इससे बड़ा लोकतंत्र और क्या हो सकता है? इतना विशाल और विराट लोकतंत्र अपने अस्तित्व के खतरे में कैसे हो सकता है? ये तथ्य और सत्य नहीं, फिजूल वाचाली है। भारत में जनादेश का यह उत्सव सम्यक सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्षता, क्षेत्र-निरपेक्षता, समन्वय, कमोबेश हिंसामुक्त और विवेकपूर्ण होता है, लिहाजा जनादेश को राष्ट्रीय और सर्वसम्मत माना जाता है। जनादेश स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक साबित हो, लिहाजा देश में 81 दिन की आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। समूचे देश का प्रशासन अब चुनाव आयोग के अधीन आ गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री के स्तर पर भी किसी नई नीति की घोषणा नहीं की जा सकती। हमारा यह जनादेशी पर्व व्यापक और पारदर्शी इसलिए आंका जाता रहा है, क्योंकि दूरदराज गांव, इलाका और पहाड़ की चोटियों पर मौजूद मतदाता भी अपनी सरकार चुनने के लिए वोट देने को संवैधानिक आधार पर अधिकृत हैं। जो सैनिक सरहदों पर तैनात हैं अथवा जो नागरिक किसी कार्यवश अपने क्षेत्र और घर से दूर हैं, उनके मताधिकार की भी व्यवस्था चुनाव आयोग करता है। अत्यधिक बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिकों के मतदान उनके घरों पर ही सुनिश्चित कराए जाते हैं। पहली प्राथमिकता मतदान की है। बहरहाल 18वीं लोकसभा के लिए मतदान 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में कराया जाएगा। मतगणना 4 जून को ही सम्पन्न हो जाएगी, लिहाजा उसी दिन शाम तक स्पष्ट हो जाएगा कि जनादेश किसे मिला है? नई सरकार किस पार्टी और गठबंधन की बनेगी? सिर्फ जनादेश की तटस्थता और ईमानदारी के लिए आयोग 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल करेगा और 1.5 करोड़ चुनावकर्मी और सुरक्षाकर्मी जनादेश के पर्व को समानता और शांति से सम्पन्न कराएंगे। ईवीएम पर सर्वोच्च अदालत तमाम याचिकाओं को खारिज करते हुए ईवीएम को मान्यता दे चुकी है। अब इस पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रलाप बेमानी है। बहरहाल इन आंकड़ों के मद्देनजर भी हमारा आम चुनाव दुनिया में सबसे बड़ा और निष्पक्षता का उदाहरण है। अलबत्ता कुछ काली भेड़ें इस पर भी कालिख पोतने का दुस्साहस करती हैं, लेकिन वे नाकाम ही रहती हैं। जनादेश का यह सौभाग्यशाली दिन होगा, जब 1.82 करोड़ युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे और जनादेश की मुख्यधारा में जुड़ेंगे। चुनाव बूथ वाले उन मतदाताओं का मुंह मीठा कराएंगे। कुल 21.5 करोड़ मतदाता, जिनका आयु-वर्ग 18-29 साल है, जनादेश के पर्व में शिरकत करेंगे। अधिकतर देशों में इतनी तो आबादी भी नहीं होती और भारत के जनादेश की इतनी व्यापक ताकत है। बहरहाल इस बार का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 और 2019 में लगातार दो राष्ट्रीय जनादेश भाजपा-एनडीए को हासिल हो चुके हैं। यदि तीसरी बार भी जनादेश उन्हीं के पक्ष में रहता है, तो प्रधानमंत्री मोदी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समकक्ष हो जाएंगे, क्योंकि लगातार तीन बार जनादेश प्राप्त करने वाला कोई अन्य प्रधानमंत्री नहीं है। जिस दौर में यह चुनाव हो रहा है, उसमें एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच बड़े उग्र विरोधाभास हैं, नतीजतन नफरती भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। राजनीतिक दल और नेता व्यक्तिगत आक्रमण भी कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने इस संदर्भ में एक खास सलाह दी है और दलों को संयमी, सतर्क और समभावी होने के निर्देश भी दिए हैं। ऐसा भी परामर्श दिया गया है कि जाति और धर्म पर आधारित चुनाव प्रचार न किया जाए। यदि कोई दल किसी आपराधिक व्यक्ति को उम्मीदवार बनाता है, तो आयोग के इस संबंध में भी कुछ निर्देश हैं। अगर चुनाव आयोग के निर्देशों की दलीय अवहेलना की जाती है तो आयोग द्वारा दण्डात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

# भारत से अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात 254% बढ़ा

## अप्रैल-दिसंबर, 2023 में 3.53 अरब डॉलर का व्यापार



**नई दिल्ली।** एक अधिकारी ने बताया कि भारत स्मार्टफोन के लिए एक प्रमुख उत्पादन केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात में इजाफा हुआ है। इसके अलावा, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा और अमेरिकी कंपनी एपल के भारत में आईफोन विनिर्माण शुरू करने से भी निर्यात बढ़ाने में मदद मिली है।

भारत से अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने यानी अप्रैल-दिसंबर अवधि में 253.70 फीसदी बढ़कर 3.53 अरब डॉलर पहुंच गया। भारत इसके साथ ही चीन और वियतनाम के बाद अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। हालांकि, इस दौरान चीन और वियतनाम से निर्यात में गिरावट आई है। भारत 2022-23 की समान अवधि में भारत ने अमेरिका को सिर्फ 99.8 करोड़ डॉलर के स्मार्टफोन बेचे थे। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान स्मार्टफोन निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 फीसदी पर पहुंच गई। 2022-23 की समान अवधि में यह दो फीसदी थी।

आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान चीन का अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात 38.26 अरब डॉलर से घटकर 35.1 अरब डॉलर रह गया। वियतनाम से निर्यात भी 9.36 अरब डॉलर से गिरकर 5.47 अरब डॉलर रह गया। विनिर्माण और पीएलआई ने बढ़ाई रफ्तार एक अधिकारी ने बताया कि भारत स्मार्टफोन के लिए एक प्रमुख उत्पादन केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात में इजाफा हुआ है। इसके अलावा, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा और अमेरिकी कंपनी एपल के भारत में आईफोन विनिर्माण शुरू करने से भी निर्यात बढ़ाने में मदद मिली है।

### शीर्ष-5 आपूर्तिकताओं के निर्यात में गिरावट

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में शीर्ष-5 आपूर्तिकताओं से अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात घटकर 45.1 अरब डॉलर रह गया। 2022-23 की समान अवधि में इन देशों ने अमेरिका को 49.1 अरब डॉलर का स्मार्टफोन निर्यात किया था। शीर्ष-5 आपूर्तिकताओं में भारत, चीन, वियतनाम, दक्षिण कोरिया और हांगकांग शामिल हैं। दक्षिण कोरिया से अमेरिका को निर्यात 85.8 करोड़ डॉलर से घटकर 43.2 करोड़ डॉलर रह गया। हांगकांग से निर्यात 13.2 करोड़ से कम होकर 11.2 करोड़ डॉलर पर आ गया।

### कुल निर्यात बढ़कर 10.5 अरब डॉलर

भारत ने स्मार्टफोन निर्यात के मोर्चे पर 2022-23 में दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जब देश से निर्यात इस अवधि में बढ़कर 10.95 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आगे भी यह रफ्तार कायम रखी और भारत ने 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में दुनिया को 10.5 अरब डॉलर के स्मार्टफोन बेच दिए।

# फोन पे अलग होने से फ्लिपकार्ट के मूल्यांकन पर पड़ा प्रभाव

## घटकर पहुंचा 41 हजार करोड़




**नई दिल्ली।** इस हिसाब से ई-कॉमर्स कंपनी का मूल्यांकन 40 अरब डॉलर बैठता है। 2023-24 में फ्लिपकार्ट ने 3.5 अरब डॉलर का भुगतान कर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत बढ़ाकर 85 प्रतिशत कर दी।

ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट का मूल्यांकन दो साल में 41,000 करोड़ रुपये घट गया है। 31 जनवरी, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में इसका मूल्यांकन 40 अरब डॉलर था, जो 31 जनवरी, 2024 को घटकर 35 अरब डॉलर रह गया। फ्लिपकार्ट के मूल्यांकन में गिरावट की वजह फोनपे को अलग कंपनी के रूप में विभाजित करने से हुआ है। सूत्रों का दावा है कि फ्लिपकार्ट का मौजूदा मूल्यांकन 38-40 अरब डॉलर के बीच है। इसकी मूल कंपनी वॉलमार्ट ने वित्त वर्ष 2021-22 में फ्लिपकार्ट में आठ प्रतिशत हिस्सेदारी को 3.2 अरब डॉलर में बेचा था।

इस हिसाब से ई-कॉमर्स कंपनी का मूल्यांकन 40 अरब डॉलर बैठता है। 2023-24 में फ्लिपकार्ट ने 3.5 अरब डॉलर का भुगतान कर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत बढ़ाकर 85 प्रतिशत कर दी।

# भारतीय पेटेंट कार्यालय ने पिछले वर्ष रिकॉर्ड एक लाख पेटेंट प्रदान किए, जीआई पंजीकरण में भी वृद्धि

**नई दिल्ली।** ट्रेड मार्क्स रजिस्ट्री ने भी सुरक्षा में तेजी लाने के अपने प्रयासों को दोगुना कर दिया है और ट्रेडमार्क आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर परीक्षा रिपोर्ट जारी करने की प्रतिबद्धता जताई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पेटेंट कार्यालय ने एक वर्ष के भीतर अभूतपूर्व एक लाख पेटेंट प्रदान किये हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, अकेले वित्तीय वर्ष 2023-24 में, पेटेंट कार्यालय को अब तक के उच्चतम 90,300 पेटेंट आवेदन प्राप्त हुए। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस पर 250 पेटेंट दिए गए। पेटेंट अनुदान के साथ-साथ, जीआई पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में तीन गुना वृद्धि दशार्ती है। वर्तमान में, भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 98 नए पंजीकरण के साथ 573 पंजीकृत जीआई हैं। इसके अतिरिक्त, कॉपीराइट पंजीकरण रिकॉर्ड तोड़ 36,378 तक पहुंच गया है, जो रचनात्मक क्षेत्र के भीतर विशाल संभावनाओं को रेखांकित करता है।

## राशिफल

**मेष:** वैवाहिक लोगों को जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। खान-पान पर संयम रखकर आप अपने स्वास्थ्य को बेहतर रख सकते हैं।

**वृष:** आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। जिस काम को भी आप करने की सोचेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे और उससे आप को फायदा होगा।

**मिथुन:** ऑफिस में काम का बोझ अधिक होगा। साथ ही काम पूरा करने में किसी सहकर्मी की मदद भी मिलेगी। आपके करियर में अचानक कुछ बदलाव आयेंगे।

**कर्क:** आप अपने भविष्य के लक्ष्यों पर चर्चा कर सकते हैं। पारिवारिक एवं सामाजिक संबंध मजबूत होंगें। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला असर देने वाला रहेगा। काम के सिलसिले में अधिक मेहनत करने का समय है। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे।

**कन्या:** अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। कोई इच्छा पूरी होने के योग बन रहे हैं। बहुत दिनों से कोई काम पूरा करने के बारे में सोच रहे हैं, तो काम पूरा होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

चोर ने एक आदमी को बाजार में घेर लिया
आदमी- मुझे घर जाने दो
चोर- तेरी जेब में जितना भी पैसा है, सब निकाल के दे दे।
आदमी- भाईसाहब जेब तो खाली है कहो तो पेटीएम कर दूं।

---

एक छोटे बच्चे ने अपनी मां से कहा - मां मैं इतना बड़ा कब हो जाउंगा कि आपसे बिना पूछे कहीं भी जा सकूं?
मां ने बहुत प्यार से कहा - बेटा अभी इतने बड़े तो तेरे पापा भी नहीं हुए है।

---

पिता- बेटा आज तक कोई ऐसा काम किया है जिससे मेरा सिर ऊंचा हुआ हो?
बेटा- जी हां पापा, एक बार आपके सिर के नीचे तकिया रखा था।
पिता जवाब सुन रह गए हैरान।

## रोचक तथ्यों का करंट

- रेंडियर की आंखों की पुतलियाँ सर्दियों में नीले रंग में बदल जाती है, जिससे उन्हें कम रोशनी के स्तर पर देखने में मदद मिलती है।
- एक बिल्ली के प्रत्येक कान में बत्तीस मांसपेशियां होती हैं।
- मधुमक्खियाँ अपने पैरों से स्वाद ले सकती हैं, और माना जाता है कि शहद के पास एक शाश्वत शैल्फ जीवन है।
- कंगारू के पूर्वज पेड़ों में रहते थे। आज यहां आठ अलग-अलग प्रकार के वृक्ष कंगारू हैं।
- महिला कंगारूओं में तीन योनि होती हैं।
- हाथी 3 मील दूर तक पानी की गंध ले सकते हैं।
- पेंगुइन के पास घुटने भी होते हैं।
- सूर्य भालू की सभी भालू प्रजातियों में सबसे लंबी जीभ होती है - 8 से 10 इंच लंबी!
- बाघों को न केवल उनके फर पर पट्टियां होती हैं, बल्कि वे उनकी त्वचा पर भी होती हैं। दो बाघों में कभी भी एक जैसी ही पट्टी नहीं होती है।
- महिला कोमोडो ड्रेगन को पुनरुत्पादन के लिए एक पुरुष की जरूरत नहीं होती है।

# मिड और स्मॉलकैप में एसआईपी बेहतर तरीका

## सस्ते भाव में मिल सकते हैं म्यूचुअल फंड यूनिट



**नई दिल्ली।** सेबी दरअसल निवेशकों की सुरक्षा करना चाहता है। इसलिए उसने 27 फरवरी को फंड हाउसों को पत्र लिखा। इसमें मिड कैप और स्मॉल कैप पर चिंता जताया। इसने कहा, निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए फंड हाउस नीति तैयार करें।

विश्लेषकों का कहना है कि मिड और स्मॉलकैप शेयरों का मूल्यांकन अभी बहुत ज्यादा है। पिछले कुछ वर्षों में इन दोनों में जमकर निवेश आया है। हालांकि, इन्होंने रिटर्न भी बहुत ज्यादा दिया है। ऐसे में पिछले रिटर्न को देखकर अगर कोई निवेश करता है तो यह जोखिम हो सकता है। निवेशकों को जोखिम से बचाने के लिए ही सेबी ने हाल में फैसला लिया है। जानकारों का कहना है कि अगर मिड और स्मॉलकैप में निवेश करना है तो आप एकमुश्त निवेश बिलकुल मत करिये। लंबे समय के लिए आप एसआईपी कर सकते हैं। इस समय मूल्यांकन गिरा है, ऐसे में सस्ते भाव में आपको म्यूचुअल फंड यूनिट मिल जाएंगे। ध्यान रखें, निवेश कम से कम पांच साल के लिए हो।

**नियामक सेबी ने इसलिए उठाया कदम :** सेबी दरअसल निवेशकों की सुरक्षा करना चाहता है। इसलिए उसने 27 फरवरी को फंड हाउसों को पत्र लिखा। इसमें मिड कैप और स्मॉल कैप पर चिंता जताया। इसने कहा, निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए फंड हाउस नीति तैयार करें। फंड हाउसों को भी यह बात पता थी कि मूल्यांकन ज्यादा है। सेबी ने स्ट्रेस टेस्ट का परिणाम 15 मार्च तक वेबसाइट पर डालने को कहा। हालांकि, पहले भी फंड हाउस अपने स्तर पर यह काम करते थे, पर यह कभी सार्वजनिक नहीं हुआ। इस बार फंड हाउसों को जब इसे सार्वजनिक करना पड़ा तो बाजार में हाहाकार मच गया।

स्ट्रेस टेस्ट क्या है और कैसे काम करता है स्ट्रेस टेस्ट का मतलब है कि अगर कभी अचानक मिड और स्मॉलकैप में भारी निकासी आ जाए तो उससे कैसे निपटा जा सकता है। ज्यादा निकासी पर कितने दिन में इसे पूरा किया जा सकता है। स्टॉक में तरलता कितने दिनों की है। दरअसल, जो भारी निवेश इन दोनों सेगमेंट में आया है और रिटर्न चौंकाने वाला है, उसे देखकर नए निवेशक आ रहे हैं। जबकि इन दोनों सेगमेंट में बहुत ज्यादा तरलता नहीं होती है। ऐसे में फंड हाउस निवेशकों की ओर से आ रहे पैसों को कहां लगाएंगे, यह भी सुनिश्चित करना होगा।

**फरवरी में फंड हाउसों ने बेचे स्मॉलकैप :** ज्यादातर फंड हाउसों ने फरवरी में स्मॉलकैप शेयर बेचे हैं। कुछ ने मिडकैप में खरीदी की है। फंड हाउसों ने हाल में ज्यादातर निवेश इन्हीं दोनों सेगमेंट में किया है। ज्यादा खरीदारी से इन शेयरों ने 70-80 फीसदी तक रिटर्न दिया है। इसी रिटर्न को देखकर खुदरा निवेशक लगातार पैसे लगा रहे थे। ऐसे में इन शेयरों में कभी भी भारी निकासी होने की आशंका है। बाजार विशेषज्ञ अनुराग शाह के मुताबिक मिड व स्मॉलकैप शेयरों में उठापटक को देखते हुए संभलकर निवेश करें। अभी मूल्यांकन काफी ऊंचा है, जब तक इनमें गिरावट न आए।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'अच्छा होता पुरुष टीम भी...', बैंगलोर के डब्ल्यूपीएल जीतने से विजय माल्या खुश



**लंदन।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 का खिताब जीतकर फ्रेंचाइजी के ट्रॉफी के सूखे को खत्म कर दिया। पुरुषों की टीम ने अभी भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब नहीं जीता है, जबकि आरसीबी की महिला टीम डब्ल्यूपीएल के केवल दूसरे सीजन में खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। स्मृति मंधाना की टीम ने रविवार को फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर खिताब जीता। इसके बाद फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम के पूर्व मालिक विजय माल्या ने टीम को बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, 'डब्ल्यूपीएल जीतने के लिए आरसीबी महिला टीम को हार्दिक बधाई। यह एक शानदार डबल होगा अगर आरसीबी की पुरुष टीम आईपीएल जीतती है, जिसका लंबे समय से इंतजार है। गुड लक। मंधाना ने जीत के बाद क्या कहा आरसीबी महिला टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने फाइनल के बाद कहा कि पिछले साल महिला प्रीमियर लीग जीतने में नाकाम रहने के बाद उन्हें टीम मैनेजमेंट से ठोस समर्थन मिला है। इसकी ही बदौलत टीम ने रविवार को खिताब अपने नाम किया। उन्होंने कहा कि 2023 के अभियान ने हमें बहुत सी चीजें सिखाईं। डब्ल्यूपीएल खिताब जीतकर, आरसीबी के महिला समूह ने वह हासिल करने में कामयाबी हासिल की है जो उनकी पुरुष टीम 16 वर्षों में नहीं कर सकी। हालांकि, मंधाना हमेशा समर्थन करते रहने के लिए फैंस का आभार जताया। मंधाना ने कहा- हार से सीख मिली मंधाना ने कहा- पिछले साल ने हमें खिलाड़ी के रूप में, कप्तान के रूप में और टीम के रूप में काफी चीजें सिखाईं। टीम मैनेजमेंट ने जिस तरह से सीजन के बाद समीक्षा के दौरान मेरा समर्थन किया और मेरे हर फैसले में मेरी मदद की। अभी मैं इस खुशी से बाहर नहीं निकल पाई हूं। मेरे लिए बहुत सारे भावों का एकसाथ बाहर आना मुश्किल है। केवल एक चीज जो मैं कहना चाहती हूं वह यह है कि मुझे अपनी टीम पर गर्व है। हम उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं। जिस तरह हमने फाइनल में खेला, वह देखना शानदार था। हमारा बैंगलोर लेग वास्तव में अच्छा था। हमें दिल्ली में दो बड़े हार का सामना करना पड़ा। हमने इसी बारे में बात की थी। स्पिन के आगे फेल हुई दिल्ली की बल्लेबाजी उन्होंने कहा, 'आखिरी लीग मैच क्वार्टर फाइनल की तरह था, फिर सेमीफाइनल और फिर फाइनल। ऐसे टूनार्मेंटों में आपको सही समय पर शीर्ष पर पहुंचना होता है। आशा शोभना (दो विकेट), श्रेयांका पाटिल (4/12) और सोफी मोलीन्यूक्स (3/20) की स्पिन तिकड़ी ने आरसीबी को 113 रन पर आउट करने में मदद की। इसके बाद फिर आरसीबी ने करिश्माई कप्तान मंधाना (31), सोफी डिवाइन (32) और एलिसे पेरी (नाबाद 35) की बल्लेबाजी की बदौलत तीन गेंद शेष रहते फाइनल जीत लिया

# स्विस ओपन बैडमिंटन में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूनार्मेंट में अपनी शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं अनुभवी पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से अपने खेल के शिखर पर पहुंचने की होगी। लक्ष्य ने इस साल की शुरूआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है।

इस 22 साल के खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर (लगभग 1.74 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूनार्मेंट में अपने अभियान की शुरूआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरूआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे।

सिंधू ने बायें घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरूआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गयी थी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने के कारण मैच को बीच में छोड़ दिया था।

महिला एकल में अन्य भारतीय आकर्षी कश्यप को कड़ा ड्रा मिला है। वह अपने अभियान की शुरूआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। अच्छी लय में चल रही तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। आठवीं वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना पहले दौर में अमेरिका की एनी जू और केरी जू की जोड़ी से होगा।

## न्यूज डायरी

### अपहरण का मुकदमा दर्ज



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी बार्डर थाने की अमर विहार कॉलोनी से 21 वर्षीए युवती को पडोस में सिलाई करने वाला अंकित 14 मार्च शाम 7 बजे बहला फुसला कर अगवा कर ले गया। युवती की 17 वर्षीय सहेली को भी ले गया है युवती के भाई ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर दिया है पुलिस आरोपी की तलाश मे जुटी है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ है आरोपी 25 वर्षीय अंकित पुत्र अमर पाल मूल निवासी मुजफ्फर नगर गांव मौंडा का रहने वाला पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### नाली में गोबर को बहाने को लेकर दो पक्ष भिडे




**लोनी (करंट क्रइम)।** नाली में डेरी का मलवा डालने को लेकर पडोसी से कहासुनी हो गई कहासुनी ने झगडे का रूप धारण कर लिया डेरी संचालक व उसके चार पुत्र पडोसी पीडिता के घर घुस आए और गंदी-गंदी गालिया देने लगे विरोध करने पर घर की महिलाओं के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीडिता ने डेरी संचालक व उसके पुत्रो के विरूध थाने में रिर्पोट दर्ज कराई है पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोनी बार्डर थाने की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी निवासी हिना पुत्री मुस्तकीम ने बताया कि रविवार सुबह पडोस में रहने वाले तासीन भैंसो की डेरी चलाता है भैंसो का सारा गोबर नाली मे बहा रहा था गंदगी को देखकर हिना के पिता मुस्तकीम ने इसका विरोध किया तो तासीन तथा पुत्र आविद, आसिफ , आरिक तथा सादिक झगडा करने लगे और पीडिता के घर जबरदस्ती घुस आए तथा मारपीट करने लगे तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। जिसकी विडियो हिना ने बनाकर पुलिस को सौप दी है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि हिना के शिकायत पत्र पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई मे जुटी है।

### व्यापारी से ठगे पांच लाख रुपए




**मुरादनगर (करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की न्यू डिफेंस कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति से पुरानी क्रेन सस्ते दाम में दिलाने की बात कहकर पांच लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। नगर की न्यू डिफेंस कॉलोनी निवासी योगेश कुमार ने बताया कि काफी समय पहले पुरानी क्रेन खरीदने के लिए बुलन्दशहर के सिकदराबाद निवासी एक व्यक्ति से सम्पर्क किया। उसने क्रेन के फोटो भेज दिए। जिसके बाद पांच लाख रुपए का चैक उसे दे दिया ,जो उसने भुना लिया। जब क्रेन लेने के लिए गए तो वह खराब स्थिति में थी। जिस क्रेन का सौंदा हुआ था ,वह नहीं थी। पैसे वापस मांगने पर आरोपी परिवार सहित जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर हाजी कलवा ,जुबैर निवासी मौहल्ला रिसालदारान सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर के खिलाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### तीन बच्चों की मां पति को छोड प्रेमी संग भागी



**लोनी (करंट क्राइम)।** तीन बच्चों की मां ने पति से तलाक लिए बिना ही उसके चचेरे भाई से आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। उसके मायके वाले भी पहले दामाद को आंखे दिखा रहे हैं। पीडित ने पत्नी, चचेरे भाई तथा उसके मायके वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस आयुक्त को शिकायती पत्र दिया है। लोनी थाने के चिरोडी गांव निवासी पुष्पेन्द्र सिंह की शादी सन 2012 में पूठ कलां रोहिणी दिल्ली की युवती के साथ हुई थी। शादी के बाद वह तीन बच्चों की मां बन गई, लेकिन वह पति के चचेरे भाई से प्रेम करने लगी और पति को छोड 29 जनवरी को 2024 को बच्चों को लेकर प्रेमी के साथ भाग गई। पुष्पेन्द्र का आरोप है कि उसकी पत्नी घर से 22 हजार रुपए, कानों के कुंडल, अंगूठी, चेन, चांदी की तगडी आदि भी ले गई। वह पांच मार्च 2024 को पत्नी को ढूंढता हुआ ससुराल पहुंचा तो वहां उसके साथ मारपीट की गई तथा यह भी कहा कि उनकी बेटी अब अपने प्रेमी के साथ ही रहेगी।पीडित ने पुलिस आयुक्त को शिकायत पत्र देकर पत्नी,उसके प्रेमी और उसके मायके वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।


### चोरों को रंगेहाथ दबोचा

**लोनी (करंट क्राइम)।** घर से सामान चोरी कर भाग रहे चोरों को जाग होने पर लोगों ने रंगेहाथ पकड लिया और उनकी जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लोनी थाने की नवीन कुंज कॉलोनी निवासी अंकित नागर ने बताया कि रविवार अलसुबह दो चोर उसके बंद मकान में घुस गए और वहां रखी कार की एक बैट्री तथा छोटा गैस सिलेंडर चोरी कर भागने लगे, लेकिन उसने चोरोंको देख शोर मचा दिया। जिस पर मौहल्ले के लोगों ने दोनों को दबोच लिया तथा उनकी जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। आरोपियों ने अपने नाम जितेन्द्र और हरेन्द्र बताए हैं। एक लोनी के ही टीला गांव का तो दूसरा मेवला भटटी गांव का हैं।

### छह माह का कन्या भ्रूण मिलने से सनसनी फैली

**लोनी (करंट क्राइम)।** खन्नानगर कॉलोनी में सोमवार सुबह करीब छह माह की कन्या का भ्रूण सड़क किनारे पडा मिलने से सनसनी फैल गई। लोनी थाना क्षेत्र में पाए गए भ्रूण कों पुलिस ने पोस्टमार्टम कें लिए भेज दिया है। आशंका व्यक्त की जा रही है किसी बिन ब्याही मां ने गर्भपात कराया है अथवा किसी निजी अस्पताल में भ्रूण लिंग जांच के बाद कन्या का भ्रूण पाए जाने पर किसी मां ने गर्भपात कराकर भ्रूण को वहां फेंक दिया होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खिताब का सूखा खत्म होने पर विराट कोहली हुए खुश, वीडियो कॉल पर मंधाना और बैंगलोर टीम को दी बधाई



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग 2024 का खिताब अपने नाम किया है। फाइनल में टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को उनके होम ग्राउंड पर हराकर खिताब अपने नाम किया। इसी का साथ बैंगलोर का खिताबी सूखा खत्म हो गया। बैंगलोर की पुरुष टीम 16 सीजन से आईपीएल का एक भी खिताब नहीं जीत पाई है। वहीं, महिला टीम ने महिला आईपीएल के नाम से मशहूर हढछके दूसरे सीजन में ही ट्रॉफी जीत ली है और फ्रेंचाइजी और उसके फैंस को खुश होने का मौका दिया है। इस जीत से आरसीबी के पूर्व कप्तान और दिग्गज विराट कोहली भी खुश हैं। उन्होंने वीडियो कॉल टीम की कप्तान स्मृति मंधाना और पूरी टीम को बधाई दी है। इसका वीडियो भी सामने आया है। आरसीबी की महिला टीम की जीत से अब पुरुष टीम को प्रेरणा मिल सकती है और आगामी आईपीएल के 17वें सीजन में खिताब के लिए जा सकते हैं। विराट भी इस जीत से काफी खुश हैं और उन्होंने वीडियो कॉल के जरिये मंधाना और पूरी टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। वीडियो में देखा जा सकता है कि मंधाना और आरसीबी के बाकी खिलाड़ी विराट से बात कर रही हैं।

मैच की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल )के फाइनल मुकाबले में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में 113 रन बनाए थे। आरसीबी ने 19.3 ओवर में दो विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लिया। दिल्ली को मजबूत शुरूआत मिली थी, लेकिन 64 के स्कोर पर पहला विकेट गिरने के बाद पूरी टीम 49 रन बनाने में ऑलआउट हो गई।

दिल्ली के बल्लेबाजों ने बैंगलोर की स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ घुटने टेक दिए। शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। इसके अलावा मेग लैनिंग ने 23 रन की पारी खेली। वहीं, बैंगलोर की ओर से नौ विकेट स्पिनर्स ने लिए और एक विकेट (राधा यादव) रन आउट के रूप में गिरा। श्रेयांका पाटिल ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। वहीं, सोफी मोलीन्यूक्स को तीन विकेट मिले।

# आईपीएल की तैयारी में जुटे विराट कोहली, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के अभ्यास शिविर से जुड़े



**बैंगलोर।** आईपीएल के 17वें सीजन की शुरूआत होने वाली है और सभी टीमों ने इसके लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। सभी टीमों के दिग्गज खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों से जुड़ रहे हैं और जो अबतक नहीं जुड़ सके हैं वो आने वाले दिनों में टीम से जुड़ जाएंगे। रविवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने खिताब जीता था। अब पुरुष टीम ने भी आईपीएल की तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी है। आरसीबी की पुरुष टीम ने अबतक कभी आईपीएल का खिताब नहीं जीता है और इस बार उसकी कोशिश अपने खिताबी सूखे को समाप्त करने की होगी। आरसीबी का नेतृत्व लंबे समय तक विराट कोहली ने किया, लेकिन उनके कप्तानी छोड़ने के बाद टीम की कमान फाफ डुप्लेसिस के हाथों में दी गई। डुप्लेसिस और कोहली की जोड़ी ने आईपीएल 2023 में अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया था और इन दोनों की जोड़ी काफी सफल रही थी। एक बार फिर टीम को इन दोनों विस्फोटक बल्लेबाजों से उम्दा प्रदर्शन की आशा होगी। आरसीबी ने आईपीएल से पहले अभ्यास शिविर आयोजित किया है और अब कोहली भी इस शिविर से जुड़ गए हैं। पूर्व भारतीय कप्तान बैंगलोर के चिन्नास्वामी स्टेडियम में वॉर्म अप करते दिखे। उनके साथ आरसीबी के कप्तान डुप्लेसिस भी थे। इन दोनों खिलाड़ियों ने एक साथ इस ट्रेनिंग सीजन में हिस्सा लिया।

**'वापसी कर काफी उत्सुक हूं'**

कोहली लंबे समय बाद मैदान पर वापसी के लिए उत्सुक हैं। आरसीबी के साथ कोहली के जुड़ने के बाद फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें कोहली ने अपनी भावनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा, वापसी कर काफी अच्छा लग रहा है। क्रिकेट खेलना और आईपीएल से इसकी शुरूआत करना मजेदार है। आईपीएल सीजन की शुरूआत के लिए बैंगलोर आना हमेशा उत्साहित करता है। काफी जाने पहचाने एहसास हैं और भावनाएं हैं। मैं मीडिया रडार से भी दूर नहीं रहता। मैं दो महीने तक सामान्य रहा। मैं काफी खुश हूं और वापसी कर उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि सभी प्रशंसक भी उत्साहित और खुश होंगे।

# 'ऐसा इंसान मैंने आजतक नहीं देखा', इस युवा बल्लेबाज ने रोहित की खुलकर की सराहना



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व और उनके व्यक्तित्व की कई लोग सार्वजनिक तौर पर सराहना कर चुके हैं। मैदान पर गंभीर नजर आने वाले रोहित ड्रेसिंग रूप में कई बार मजाकिया अंदाज में नजर आए हैं। इतना ही नहीं कुछ मौकों पर मैच के दौरान स्टंप माइक पर भी रोहित मजाकिया बातें करते पाए गए हैं। हाल ही में संपन्न हुई इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में कुछ युवा खिलाड़ियों ने डेब्यू किया था और अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे थे। उन्हें में सरफराज खान भी शामिल थे जिन्हें रोहित शर्मा की अगुआई में टेस्ट डेब्यू का मौका मिला। सरफराज ने भारतीय कप्तान की जमकर तारीफ की और कहा कि उन्होंने रोहित जैसा इंसान अबतक नहीं देखा है। एक साक्षात्कार के दौरान सरफराज से जब टीम में उनका पसंदीदा खिलाड़ी कौन है, यह पूछा गया तो उन्होंने कहा, ऐसे तो सब हैं और सभी के साथ ड्रेसिंग रूप शेयर किया है। लेकिन पहली बार रोहित भाई के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर किया तो बहुत मजा आया और वैसा इंसान मैंने अपने जीवन में कभी नहीं देखा। सफराज ने इस बारे में भी बताया कि डेब्यू से पहले रोहित ने उनसे क्या था। उन्होंने कहा, रोहित ने बस बोला कि जो इतने साल तक करते हुए आया है वही कर और जैसा कि उन्होंने इंटरव्यू में भी बोला था कि उन्होंने ज्यादा मुझे खेलते हुए देखा नहीं है। जब मैंने एक-दो पारियां खेली तो फिर और चीजें उन्होंने सिखाया और बहुत मजा आया।

# रोहित को मुंबई की कप्तानी से हटाने के सवाल पर बाउचर ने साधी चुप्पी, हंसते नजर आए हार्दिक



**मुंबई।** आईपीएल के 17वें सीजन की शुरूआत होने में अब महज कुछ ही दिनों का समय शेष रहा गया है और सभी टीमों की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। लेकिन मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाना जैसे अब भी इस फ्रेंचाइजी के लिए गले की फांस बना हुआ है। मुंबई ने ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को रोहित की जगह टीम की कमान सौंपने का निर्णय लिया था जिस पर काफी विवाद हुआ था। मुंबई फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पांड्या को दोबारा टीम में शामिल किया गया था। हार्दिक लंबे समय तक मुंबई इंडियंस से जुड़े रहे, लेकिन 2022 सीजन के लिए आईपीएल नीलामी से पहले मुंबई ने उन्हें रिलीज कर दिया गया था। हार्दिक गुजरात टाइटंस टीम के साथ जुड़े थे जिसने 2022 सीजन से डेब्यू किया था। गुजरात फ्रेंचाइजी ने हार्दिक को अपना कप्तान बनाया और आईपीएल इतिहास में पहली बार था जब इस भारतीय ऑलराउंडर ने कप्तानी की थी। अपने पहले ही सीजन में गुजरात ने हार्दिक की कप्तानी में आईपीएल का खिताब जीता। 2023 सीजन में भी गुजरात का प्रदर्शन दमदार रहा और लगातार दूसरे साल उसने फाइनल में जगह बनाई, लेकिन खिताबी मैच में उसे अंतिम गेंद पर चेन्नई सुपर किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक ने दो साल में अपनी कप्तानी का लोहा मनवाया जिससे प्रभावित होकर मुंबई ने उन्हें फिर टीम में शामिल किया। हार्दिक के दोबारा टीम में शामिल किए जाने के कुछ दिन बाद ही मुंबई ने रोहित को हटाकर हार्दिक को कप्तानी सौंपनी की घोषणा की जिससे करीब एक दशक तक मुंबई की कमान संभालने वाले रोहित को कप्तान पद छोड़ना पड़ा। मुंबई इंडियंस के इस फैसले से उसके प्रशंसक भी हैरान रह गए।

**मीडिया के सवालों से असहज दिखे बाउचर**

आईपीएल 20204 की शुरूआत से पहले मुंबई इंडियंस की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई जिसमें मुख्य कोच मार्क बाउचर और कप्तान हार्दिक पांड्या ने हिस्सा लिया। रोहित को कप्तानी से हटाने के फैसले पर सवाल उठना लाजमी था। एक पत्रकार ने बाउचर से रोहित को कप्तानी से हटाने और हार्दिक को कमान सौंपने का कारण पूछा। इस पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी चुप्पी साध गए और उन्होंने इस सवाल का जवाब नहीं दिया। ठीक के उनके बगल में बैठे हार्दिक पहले तो सीधे देखते रहे और गंभीर बने रहे, लेकिन बाद में हंसते नजर आए। इसके बाद एक अन्य पत्रकार ने पूछा कि क्या हार्दिक के करार में उन्हें कप्तानी सौंपने की बात थी, इस बार भी बाउचर की ओर से कोई जवाब नहीं आया और वह कॉन्फ्रेंस के दौरान इन सवालों से असहज दिखे इससे पहले, बाउचर ने पिछले महीने रोहित को कप्तानी से हटाने पर बयान देते हुए कहा था कि यह पूरी तरह से खेल का निर्णय है और उनके लिए परिवर्तन लाने वाला दौर है।

# मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को भरोसा, आईपीएल के दौरान रोहित का मिलेगा साथ



**नई दिल्ली।** लंबे समय तक मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दो सीजन के बाद अपनी पुरानी टीम में वापसी कर ली है। पांड्या की वापसी इतनी आसान नहीं थी, लेकिन टीम प्रबंधन ने ना सिर्फ हार्दिक को दोबारा टीम में शामिल किया, बल्कि रोहित शर्मा की जगह फ्रेंचाइजी का नया कप्तान भी नियुक्त किया। रोहित को कप्तानी से हटाने पर विवाद भी हुआ, लेकिन आईपीएल 2024 के शुरू होने से पहले हार्दिक कूल नजर आए। हार्दिक ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इस टीम की कमान संभालेंगे जिससे उन्होंने अपने सफर की शुरूआत की थी। हार्दिक ने 2015 में मुंबई इंडियंस के लिए डेब्यू किया था और टीम के साथ चार खिताब जीते। इसके बाद वह 2022 सीजन के लिए गुजरात टाइटंस से जुड़े और पहली बार आईपीएल में कप्तानी की। उन्होंने अपनी कप्तानी में गुजरात को ट्रॉफी जिताई, जबकि पिछली बार फिर फाइनल में पहुंचाया जहां गुजरात को चेन्नई सुपर किंग्स से हार का सामना करना पड़ा। मुंबई ने हार्दिक को गुजरात से ट्रेड किया था। आईपीएल के 17वें सीजन से पहले मुंबई इंडियंस की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई और हार्दिक ने इस दौरान कहा, यह एहसास सुखद है। मेरी यात्रा यहीं से शुरू हुई थी और मैंने कभी नहीं सोचा था कि 10 साल बाद मैं इस टीम की कप्तानी करूंगा।

**गुजरात के खिलाफ अभियान की शुरूआत करेगी मुंबई इंडियंस**

आईपीएल के 17वें सीजन की शुरूआत 22 मार्च को गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच मुकाबले से होगी। इसके दो दिन बाद यानि 24 मार्च को मुंबई इंडियंस अपने अभियान की शुरूआत करेगी जहां पांच बार की चैंपियन टीम का सामना गत उपविजेता गुजरात टाइटंस के साथ होगा। गुजरात नए कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में उतरेगी।

# आईपीएल शुरू होने से पहले मुंबई को लगा झटका, कुछ मैचों से बाहर रह सकता है यह विस्फोटक बल्लेबाज



**मुंबई।** आईपीएल का 17वां सीजन शुरू में अब कुछ ही समय शेष रह गया है और सभी खिलाड़ी इसकी तैयारियों में पूरी तरह जुट गए हैं। कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं जो चोट के कारण लंबे समय से मैदान से बाहर चल रहे हैं और जल्द ही वापसी के लिए तैयार हैं। मुंबई इंडियंस भी उन टीमों में शामिल है जिसके कुछ खिलाड़ी चोट की समस्या से जूझ रहे हैं और उनके शुरूआती कुछ मैचों बाहर रहने की संभावना है। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव चोटिल होने के कारण लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे हैं और सभी को इंतजार था कि मिस्टर 360 डिग्री के नाम से प्रसिद्ध यह विस्फोटक बल्लेबाज आईपीएल में अपनी चमक बिखेरेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूर्यकुमार गुजरात टाइटंस के खिलाफ 24 मार्च को होने वाले मुंबई इंडियंस के पहले मैच के लिए फिट नहीं हो पाए हैं। सूर्यकुमार की इस साल की शुरूआत में टखने की सर्जरी हुई थी और वह तब से इससे उबर रहे हैं। बाउचर ने फिटनेस को लेकर नहीं दी पुख्ता जानकारी मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर कोई पुख्ता जानकार नहीं दी है। उन्होंने इस बात की भी पुष्टि नहीं कि सूर्यकुमार को बीसीसीआई की मेडिकल टीम से फिट घोषित किया गया है या नहीं। मुंबई को अहमदाबाद जाने से पहले सोमवार और बुधवार को दो वॉर्म अप मैच खेलने हैं और सूर्यकुमार यादव यह दोनों ही मैच नहीं खेल पाएंगे। बाउचर ने सोमवार को मुंबई इंडियंस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सूर्यकुमार इस वक्त भारतीय टीम की निगरानी में भी हैं। हम भी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। मैं माइक्रोमैनेज पसंद नहीं करता। हमारे पास विश्व स्तरीय मेडिकल टीम है। पहले कुछ फिटनेस समस्याएं थी और हम हमेशा इसे दूर करने की कोशिश करते हैं। मुझे हमारे मेडिकल टीम पर भरोसा है कि वे सही चीजें करेंगी। दिसंबर में सूर्यकुमार ने खेला था आखिरी मैच सूर्यकुमार यादव पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गई भारत की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा थे। जोहानिसबर्ग में खेले गए तीसरे टी20 मैच के दौरान सूर्यकुमार का टखना चोटिल हो गया था। सूर्यकुमार ने उस मैच में 56 गेंदों पर 100 रनों की पारी खेली थी। चोटिल होने के बाद उनकी दो सर्जरी की गई।

# राशन वितरण के लिए राशन डीलरों को दी गई नई मशीनों से कोटेदारों की मुश्किलें बढ़ीं





**लोनी (करंट क्राइम)।** पिछले कई दिनों से राशन डीलरों की दुकानों पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी हुई है और राशन डीलर राशन वितरण नहीं कर पा रहे हैं कारण मशीन का सर्वर ना हो पाना है। पूरी लोनी के राशन डीलर मशीन का सर्वर डाउन होने के कारण परेशान उपभोक्ता भी हैरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राशन डीलरों को राशन वितरण करने एवं प्रत्येक उपभोक्ता तक उसके हिस्से का राशन पहुंचाने के लिए नई मशीन दी गई हैं जो लखनऊ से अटैच बताई जाती हैं जिनकी निगरानी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से होती है लेकिन इन मशीनों का सर्वर डाउन होने के कारण राशन डीलरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है सर्वर डाउन होने के कारण दुकानदार उपभोक्ताओं को उनके हिस्से का राशन नहीं दे पा रहे हैं वहीं राशन न मिलने के कारण उपभोक्ता भी दुकानदारों के साथ बदसलूकी करने पर उतारू हो रहे हैं ऐसे में परेशान होकर आज लोनी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी की लोनी तहसील कार्यालय में उप जिलाधिकारी तहसीलदार के अलावा कोई भी सक्षम अधिकारी उपलब्ध न होने के कारण राशन डीलर गाजियाबाद जिला अधिकारी को ज्ञापन देखकर अपनी समस्याओं के समाधान करने की गुहार लगाई हैं आखिर ऐसे किस तरह से गरीबों को उनके हक का राशन मिल पाएगा जबकि मशीनों के सर्वर डाउन है और कोई भी सक्षम अधिकारी इस समस्या का समाधान करने के लिए नजर नहीं आ रहा है।

# युवकों ने कार को किया क्षतिग्रस्त ,रिपोर्ट दर्ज




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित आयुध निमार्णी फैक्टरी गेट के सामने टंशनबाजी को लेकर युवाओं के दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले व पत्थरबाजी हुई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की कार में भी जमकर तोड़फोड़ की।

पुलिस ने एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव कन्नौजा निवासी अभय शर्मा व लोनी निवासी शिबु त्यागी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों के बीच टंशनबाजी को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। रविवार शाम को सात बजे से पहले अभय शर्मा अपने दोस्त के साथ कार से दवाई लेकर अपने गांव जा रहा था। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर आयुध निमार्णी फैक्टरी गेट के सामने पहुंचा तो बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद बाइक सवार युवकों ने अभय व उसके दोस्त के साथ मारपीट कर कार में तोड़फोड करनी शुरू कर दी। कार को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। दोनों युवकों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। अभय शर्मा ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर शिबु त्यागी निवासी मड़ोला लोनी हॉल निवासी मुरादनगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।




## कौन इस बात को लेकर थी अधीर कि निकाल दो भाजपा से मनवीर

सही में कमाल ही कमल वालों के यहां हो रहा है। कमल वालों के यहां गम हैं और कमल वाले ही खुश हो रहे हैं। कमल वाले को हराने के लिये कमल वाले ही चुनाव में खड़े हो रहे हैं। अब किस्सा उस धरने को लेकर है जिसमें कमल वाले ही चाहते थे कि धरने पर बैठने वाले पूर्व पार्षद को भाजपा से निकाल दिया जाये। मैडम की तमन्ना थी कि पूर्व पार्षद को पार्टी से निष्कासित किया जाये। सुना है कि मैडम ने एक लैटर भी लिखा था लेकिन मैटर को फूल वालों ने बिना बात को आऊट किये खुद ही सोर्टआऊट कर दिया। निगम ने दुकानों का रैन्ट इन्क्रीज कर दिया और भगवा दुकानदार धरने पर बैठ गये। मैडम का पारा इसलिये हाई हो गया कि भाजपाई होकर तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई धरने पर बैठने की। बाजार वाले कह रहे हैं कि वो सरकार में हैं ठीक हैं लेकिन वो व्यापार में भी तो हैं। व्यापार मडंल में पदाधिकारी भी है तो व्यापारियों के लिये बैठना भी पड़ेगा। मनवीर पुराने कार्यकर्ता हैं मगर मैडम उन्हे निकलवाने के लिये फुल अधीर थी।

## भले ही निगम को हो जाये डैमेज पर हो रहे हैं बड़े आराम से टेंडर मैनेज

निगम वाले बड़े सर तो ईमानदार भी हैं और टाईट भी हैं लेकिन यहां एक लॉबी पूरी तरह से बेईमान हैं और मजे की बात ये है कि ये लॉबी ही तो खजाने की चाबी अपने हाथ में लेकर चल रही है। आधा दर्जन फर्म के टेंडर को कन्फर्म करने के लिये रूल ही चेंज हो जाते हैं। फाईल पर रूल बनता है कि इस सड़क के लिये आरएमसी होना जरूरी हैं। ये शर्त ही ऐसी है कि चुनिंदा ठेकेदार ही रहेगें और बाकि सब अपनी अपनी भैंस चुगायेगें। रूल का सही में फूल ही यहीं पर बन रहा है और बानिगी देखनी हो तो वसुंधरा आईये,इन्दिरापुरम आइये। नाली का निर्माण है और बिना सरिये के ही हो गया है। एक बार जरा खुदवा ले साहब तो पता चलेगा कि मैनेज और डैमेज में क्या कनेक्शन है।

## जब जोड़नी है चुनाव लड़ाने को फौज तब हाथ वाले कर रहे हैं गाली गलौच

गठबधंन वालो में सीन ये चल रहा है कि बाजा है बारात नही और दूल्हा दुल्हन साथ नही। जब हाथ वालों को चुनाव लड़ाने के लिये फौज जोड़नी है तब उनके यहां आपस में गाली गलौच हो रही है। वैसे तो हाथ वालो को जब स्ट्रगल करना है तब वो ये शगल कर रहे हैं। उनका निशान भले ही हाथ है लेकिन वो बिल्कुल भी एक दूसरे के साथ नही है। बड़ी मुश्किल से चार कांग्रेसी एकसाथ होते हैं लेकिन उनमें हालात तभी मुक्का लात वाले बन जाते हैं। वो भारत जोड़ने निकले तो एक दूसरे के हाथ पैर तोड़ने का सीन बन गया था। जब माहौल बनाना है तब मशाल से जलाने के आईटम हो रहे हैं। जब बूथ को मजबूत करने की बात थी तो अध्यक्षों के बीच ही जूत बजने की नौबत आ गई। कहानी में अब रोजा इफ्तारी आ गई है और कहने वाले कह रहे हैं कि यहां तो ऐसे सीन रोजाना ही हो रहे हैं,उन्हे कतई नही लग रहा कि चुनाव लड़ाने की जिम्मेदारी आ गई हैं

## दरोगा जी की रिपोर्ट को किसी भाजपाई ने तो किया ही होगा सपोर्ट

जिन्होने भाजपा को चुनाव लड़ाया जिन्होने भाजपा के लिये वोट मांगे उनमे ही खोट निकले हैं। दरोगा जी ने रिपोर्ट दे दी है कि गुप्ता जी से लेकर मित्तल जी तो हैं ही ऐसे। इधर बात बात पर हाईकोर्ट में रिट डालने वाले मित्तल जी कह रहे हैं कि अजी ऐसे कैसे अब आवाज कवियों के मौहल्ले से आई है कि कोई तो ऐसा भाजपाई है जिसने अदंर की बाते बाहर जाकर पुलिस को बताई हैं। वरना दरोगा की क्या मजाल कि भाजपाईयों के मौहल्ले में भाजपाईयों को ही शांतिभंग करने वाला बता दे। किसी ने तो उसे बताया ही है।

# अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने वसुंधरा में किया होली परिवार मिलन समारोह का आयोजन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 5 विजय सिंह पथिक गुर्जर पार्क में होली के पवित्र त्योहार पर गुर्जर परिवार मिलन का आयोजन किया गया। समारोह में प्रतिभाशाली बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में समाज के प्रमुख प्रबुद्ध एवं विशिष्टजनों ने उपस्थिति होकर समाज के लोगों के साथ अनुभव साझा कर बच्चों का मार्गदर्शन किया। समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. यशवीर सिंह ने की तथा मंच का संचालन अनिल चौहान व अध्यक्षता नरेंद्र नागर उपाध्यक्ष अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने की।

सभा के कार्यकारी अध्यक्ष वीपी सिंह वर्मा ने सभा के द्वारा किए गए प्रयासों को लोगों के सामने रखा तथा भविष्य में एक लाइब्रेरी तथा कोचिंग सेंटर बनाने के प्रयासों का हवाला दिया। समारोह में कपिल मावी पीसीएस ने भी अपने अनुभव साझा किये और समाज की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मेजर संजय सिंह ने भी अपने सुंदर विचार रखे, वेदपाल चपराना कमांडेंट ने भी अपने ओजस्वी विचार रखे।

पवन कपासिया डिप्टी कमांडेंट ने भी अपने जीवन के संघर्ष के बारे में बताया और बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर अंकित बंसल पीसीएस, राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय गुर्जर महासभा जिले सिंह कपासिया, जी ने भी अपने विचार रखे। आयोजन को सफल बनाने में कार्यकारिणी के पदाधिकारी गजराज सिंह बावर कार्यकारी अध्यक्ष, सुभाष प्रधान वरिष्ठ उपाध्यक्ष , रविंद्र प्रधान महासचिव अखिल भारतीय गुर्जर महासभा वसुंधरा ,उपाध्यक्ष विक्रम बंसल,मुकेश पोसवाल,आनंद कृष्ण कसाना विजेंद्र भाटी,सचिव ,सुरेंद्र सिंह एसडीओ, रंजीत पोसवाल, कर्मवीर लोहिया एवं विनोद भाटी, विजेंद्र कटारिया, रामकिशन भाटी, कोषाध्यक्ष,जितेंद्र नागर एवं पार्षद पति आशीष खारी, राजकुमार कसाना , राजेंद्र भाटी, अमित विकल , देवी नागर,पूर्व पार्षद, रवि कसाना, राजवीर बावरा, रविंद्र भाटी व दरोगा सिंह उपस्थित रहे।

# कूडे का पहाड़ हटाने की मांग, पदयात्रा का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

## 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का बहिष्कार, 31 मार्च को महापंचायत में आरपार की लड़ाई का ऐलान



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** जनपद गाजियाबाद शहर का कूड़ा पाइपलाइन मार्ग गांव भिक्कनपुर के पास बने कूडे. के पहाड़ को हटाने के लिए ग्रामीणों द्वारा निकाली जा रही पदयात्रा 5 वें दिन गांव मोहनपुर से शमशेर पहुंची। ग्रामीणें ने पदयात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का हल नहीं हुआ तो 16 गांवों के लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। गांव भिक्कनपुर में बने कूडे.का पहाड हटाने के लिए 16 गांवों के लोग काफी समय से आंदोलन कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि कूडे.के पहाड़ से ग्रामीणों को कई तरह की बीमारी हो रही है। कूडे. ना डाला जाए ,इसके अलाव अब ग्रामीण जन जागरण चलाने के लिए 16 गांवों में पदयात्रा कर रहे है। सोमवार सुबह ग्यारह बजे पदयात्रा गांव मोहनपुर बडे मंदिर से शुरू होकर गांव शमशेर पहुंची। गांव शमशेर पहुंचने पर ग्रामीणों ने पदयात्रा पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। महिलाओं ने पदयात्रा में शामिल लोगों का तिलक कर आरती उतारी। सलेक भैया ने कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। उन्होने बताया कि 31 मार्च को होने वाली महापंचायत में आरपार की लड़ाई का एलान किया जाएगा। महापंचायत में तीस हजार से अधिक लोगों के एकत्र होने की सम्भावना जताई जा रही है।

## शासन ने गाजियाबाद के लिए नवीन डिप्टी रजिस्ट्रार का पद सृजित किया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रदेश सरकार ने डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स गाजियाबाद के लिए नवीन डिप्टी रजिस्ट्रार पद का सृजन किया है। नये डिप्टी रजिस्ट्रार के लिए जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर के दायरे में 2500 से 3000 वर्गफुट कारपेट एरिया में भवन की तलाश की जा रही है। अपना भवन किराये पर देने के इच्छुक भवन स्वामी वांछित अभिलेखों के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# भगवती इंस्टीट्यूट ने कराया पॉलीटेक्निक के छात्रों को औद्योगिक भ्रमण






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस ने अपने पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण कराया। पॉलिटेक्निक प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को स्पार्कलर मेटल प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर 140 नोएडा, का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। कंपनी के जी एम संजय श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को हर प्रकार के पंखों की असेंबली की प्रक्रिया से अवगत कराया। प्रोफेसर मनोज कुमार और प्रोफेसर प्रवीण कुशवाहा की देखरेख में इस भ्रमण का सफल आयोजन हुआ। विद्यार्थियों में रोहित सिंहल, आर्यन कुमार, अनस खान, अंजलि आदि विद्यार्थियों ने विजिट में भाग लिया।

# प्रखर फाउंडेशन ने मनाया होली मिलन समारोह




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रखर फाउंडेशन सामाजिक संस्थान ने पटेल नगर प्रथम गणेश मंदिर में होली मिलन समारोह तथा भजन संध्या का आयोजन किया। होली की पूर्व संध्या पर आयोजित इस समारोह में कृष्ण सुदामा की झांकी विशेष तौर पर आकर्षण का केंद्र रही।

भजन मंडली द्वारा होली के गीतों पर मनमोहक नृत्य किया गया। प्रखर फाउंडेशन समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों को करने के लिए तत्पर रहता है। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज अग्रवाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती छाया गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष नमिता भल्ला एडवोकेट, महिम गुप्ता मीडिया प्रभारी, नीता, शालू, मंजू गौतम, सुभाष गौतम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रीतम लाल, सिंधु प्रभा झा, संध्या त्यागी, शालू पांडे, सुनीता भाटिया, नीलम शर्मा, शशि श्रीवास्तव, सुदर्शन देव, राकेश गोयल , दर्शन गोयल, रजनी गोयल, संजीव, पूजा, श्रीराम सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सिंघल, राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र गॉड, डॉक्टर ओ पी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




# होटल वालों से संपर्क बढ़ा रही है खाकी




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों पर जोर देना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में जानकारी मिल रही है कि आजकल सिटी से लेकर नदियापार तक के कई थाना प्रभारी होटल वालों के संपर्क में आ गए हैं। बताया जा रहा है कि होटल वालों के संपर्क के पीछे भी चुनावी प्लान छुपा हुआ है। दरअसल चुनाव के सीजन में पुलिस पर कई तरह के लोड बढ़ जाते हैं। इसी के साथ तमाम जगहों से बाहर का फोर्स आता है, बड़ी संख्या में चुनाव संपन्न कराने के लिए अधिकारी भी लोकल ड्यूटी पर आते हैं। ऐसे में अधिकारियों को बेहतर सुविधा मिल सके और उनको परेशान ना होना पड़े, इसके लिए होटल का भी प्रबंध करना पड़ता है। अब होटल वालों से पुलिस तालमेल बैठाने में जुटी हुई है ताकि आने वाले दिनों में किसी प्रकार की परेशानी सामने ना आए। वहीं त्यौहारी सीजन है और दो बड़े आयोजन भी चल रहे हैं। ऐसे में कहीं पर कुछ गड़बड़ी न हो और किसी होटल में कोई असामाजिक तत्व ना रुके इसको लेकर भी जांच पड़ताल वाला कार्य किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों से सुनने में आया है कि एक होटल के बाहर पुलिस की गाड़ी देखकर इलाके में चर्चा हुई तो मामला इलाके से बाहर दूसरे सर्किल में पहुंच गया। सूत्रों ने बताया है कि जब पूरे मामले की तहतक पहुंचा गया तब मामला चुनावी प्लान से संबंधित निकालकर आया। जिसके बाद मामला शांत हो गया बताया जा रहा है। उधर इन दिनों वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्थिति फाइन बताई जा रही है, सोमवार को अधिकांश एक्टिव मोड दिल्ली की तरफ ही नजर आया बताया जाता है। वहीं कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में चुनाव को लेकर एक नाइट मीटिंग पुनः रखी जा सकती है। इसी के साथ खाकी वालों का भी गाजियाबाद वाली सीट को लेकर सूत्रों और नेताओं को टटोलने का सिलसिला लगातार जारी बताया जा रहा है। कुल मिलाकर चुनावी समर के दौरान होटल से लेकर बोटल और चुनाव को किसी भी ढंग से प्रभावित करने वालों पर निगरानी रखने के लिए कई स्तरों पर कमिश्नरेट में काम शुरु होना बताया गया है। अब देखना होगा कि चुनाव की प्रक्रिया में क्या हाल रहेगा।

## कौशाम्बी आरडब्ल्यूए ने किया होली मिलन समारोह



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** कौशांबी स्थित गंगा टावर में वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा फूलों का होली मिलन समारोह मनाया गया भगवान राधा कृष्ण का संकीर्तन करते हुए तथा कृष्ण के रूप में दीप्ति जोशी राधा के रूप में सुहाना तथा हर्ष जोशी, कुणाल सिद्धि, वान्या, वानी, इशिता, साइना, विहान, आध्या, सानवी, अनन्या द्वारा गणेश वंदना और सांस्कृतिक होली नृत्य पेश किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा सभी क्षेत्रवासियों को होली की बधाई दी गई। क्षेत्र के लोग स्वस्थ रहें और खुश रहें ऐसी भगवान से प्रार्थना की गई7 इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुशांत, अनीता जैन, सरिता गुप्ता, नीता जैन, हंसा जोशी, उर्वी जोशी, नीलम, प्रीति, पायल, किरण, साधना मित्तल, नेहा मोगा, रेनू मल्होत्रा, उमा मेहरा, कंचन चड्डा, ज्योत्सना समर्पित, रीना, पारुल, पूनम, प्रिया भल्ला, रिचा, सीमा, अनुश्री सहाय, अजय जैन, योगेश गुप्ता ,श्री माहेश्वरी, सुरेश आहूजा, कुसुम, मान्या, पर्दा गौरांश, आरुष, कंचन झा, रामप्रवेश सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# एलीवेशन एंड एजुकेशन ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रीति पांचाल ने मरियम नगर की महिलाओं को 311ऐप की जानकारी उपलब्ध कराई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एलीवेशन एंड एजुकेशन ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रीति पांचाल ने अपनी सोसाइटी मरियम नगर की महिलाओं को एक छत के नीचे इकट्ठा करके नगर निगम की एक्सपर्ट टीम के द्वारा 311 ऐप के प्रमोशन व संचालन की महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। गाजियाबाद 311 ऐप से सीनियर सिटीजन व स्टूडेंट का यूथ का खास ख्याल रखा गया है । समस्त प्रकार के टैक्सेस जो ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं, की जानकारी ली। संगोष्ठी का प्रमुख बिंदु महिलाओं को उनके घर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करने की जानकारी उपलब्ध कराई। इस मौके पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में गाजियाबाद शहर को प्रथम स्थान पर लाकर पूरे देश में एक नया रिकॉर्ड स्वच्छता में बनाने के लिए आगे आने का आहवान किया गया।

# नंदग्राम के मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ ने मनाया होली महोत्सव





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नंदग्राम स्थित मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ की महानगर इकाई ने होली महोत्सव व सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैविनेट मंत्री सुनील शर्मा, विशिष्ट अतिथि अवनीश त्यागी प्रदेश प्रवक्ता भाजपा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम व संगीत संध्या का कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के मैनेजर्स व प्रिंसिपल भी मौजूद रहे। वी एम त्यागी मेनेजर कोलंबिया इंस्टीट्यूट, राजीव त्यागी मेनेजर एमपीएस पब्लिक स्कूल, श्रीमती सुषमा त्यागी प्रधानाचार्य मदर इंडिया पब्लिक स्कूल क्षेत्रीय संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पुनीत लोधी मेनेजर ईस्ट दिल्ली पब्लिक स्कूल, सुबोध त्यागी मैनेजर आदर्श पब्लिक स्कूल, नीरज शर्मा मैनेजर कोर्णाक पब्लिक स्कूल, जेपी शर्मा मैनेजर एवरेस्ट पब्लिक स्कूल, सागर यादव मैनेजर गाजियाबाद पब्लिक स्कूल,ललित त्यागी मेनेजर वेदांतम पब्लिक स्कूल, सुरेंद्र वर्मा मैनेजर मुरादनगर पब्लिक स्कूल, योगेंद्र सिंह मैनेजर पूर्ण ज्ञानांजलि पब्लिक स्कूल, ए के गुप्ता मैनेजर शिलर इंस्टीट्यूट, ललित त्यागी मैनेजर बीकेडी इंटर कॉलेज, रामेश्वर निर्माण मैनेजर मिल्टन अकेडमी, सुमित त्यागी मैनेजर सी के मॉडर्न एकेडमी, अजय गुप्ता मैनेजर ए के चिल्ड्रन एकेडमी, हिमांशु त्यागी मैनेजर जी आर कान्वेंट स्कूल, डॉक्टर मिथिलेश शर्मा डायरेक्टर सिल्वर शाइन पब्लिक स्कूल, राकेश जैन मैनेजर स्प्रिंगडेल्स पब्लिक स्कूल, अनादि शुक्ला व अमिताभ शुक्ला डायरेक्टर्स भागीरथ पब्लिक स्कूल आदि अनेक स्कूलों के गमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व मेयर आशा शर्मा, पप्पू पहलवान महानगर महामंत्री, बॉबी त्यागी,चमन चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम शर्मा आदि भाजपा के अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर दागी मिसाइलें, बढ़ा तनाव

**वाशिंगटन।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर उकसावे वाली कार्रवाई की है। उत्तर कोरिया ने सोमवार की सुबह अपनी पूर्वी जलीय सीमा की तरफ कई कम दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को फायर किया। उत्तर कोरिया की तरफ से ये मिसाइलें ऐसे समय दागी गई हैं, जब हाल ही में दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास खत्म हुआ है। उत्तर कोरिया की इस कार्रवाई से कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ गया है।



### दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं के बीच हुआ युद्धाभ्यास

दक्षिण कोरिया की सेना ने भी बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने कुछ संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाया है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा है कि हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं और सर्विलांस कर रहे हैं। दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं के बीच 11 दिनों तक चला संयुक्त युद्धाभ्यास बीते गुरुवार को ही खत्म हुआ है। इस युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों की सेनाओं कमांड पोस्ट ट्रेनिंग और 48 तरह की फील्ड एक्सरसाइज की। माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया ने इसी युद्धाभ्यास से चिढ़कर मिसाइलें दागीं हैं।

कोरियाई प्रायद्वीप में साल 2022 से ही तनाव चल रहा है। दरअसल उत्तर कोरिया 2022 से ही लगातार मिसाइलों का परीक्षण कर रहा है। इन मिसाइल परीक्षणों में कई परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मिसाइलें भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के जवाब में दक्षिण कोरिया ने संयुक्त सैन्य अभ्यास बढ़ा दिया है।

### जापान की सरकार ने जताई नाराजगी

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने संसदीय सत्र के दौरान बताया कि उत्तर कोरिया ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान की तरफ कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी, जो जापान के एक्सक्लूसिव इकॉनोमिक जोन के बाहर गिरीं। इन मिसाइलों से कोई नुकसान नहीं हुआ है। जापान ने इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह जापान, क्षेत्रीय शांति और अंतरराष्ट्रीय समाज के लिए खतरा है। जापान ने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव का भी उल्लंघन है, जिसमें उत्तर कोरिया की बैलिस्टिक मिसाइलों से संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया था।

# यूक्रेन ने एक बार फिर रूस पर किया ड्रोन हमला

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध जारी है। इस बीच यूक्रेन ने एक बार फिर रूस पर हमला कर दिया। हमले में एक किशोर सहित दो लोगों की मौत हो गई। रूसी अधिकारियों ने बताया कि क्रास्नोडार क्षेत्र में स्थित एक रिफाइनरी पर यूक्रेन ने हमला किया है, जिससे वहां आग लग गई। हालांकि, अग्निशमन विभाग ने कुछ देर में उसे बुझा दिया। रिफाइनरी में आग लगने के कारण एक कर्मचारी को दिल का दौरा पड़ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारियों की मानें तो यूक्रेन कुछ दिनों से लगातार रूस की रिफाइनरी और तेल डिपो को निशाना बना रहा है।



## रिफाइनरी में लगी आग, दो लोगों की मौत

### रूस ने 35 ड्रोनों को किया ढेर

रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने रात भर में कुल 35 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिरा गया। इनमें से चार ड्रोन मॉस्को में गिराया गया। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि राजधानी के डोमोडेडोवो हवाई अड्डे के पास पांचवां ड्रोन रविवार सुबह मार गिराया गया।

हमले में कोई भी घायल नहीं हुआ है। दो ड्रोन कलुगा क्षेत्र में और चार ड्रोन यारोस्लाव क्षेत्र में मार गिराए गया। मंत्रालय ने बताया कि यूक्रेन की सीमा से लगे क्षेत्रों जैसे- बेलगोरोड, कुर्स्क और रोस्तोव क्षेत्रों और दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में सबसे अधिक यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए।

**रूसी मिसाइलों के खतरों के कारण ब्रिटिश रक्षा सचिव ने ओडेसा की यात्रा रद्द की :** गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बताया कि रविवार सुबह बेलगोरोड में गोलाबारी के दौरान, 16 वर्षीय लड़की की मौत हो गई। वहीं, उसके पिता घायल हो गए। वहीं, दूसरे हमले में एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

वहीं, 11 लोग घायल हो गए। इस बीच, ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि रक्षा सचिव ग्रांट शॉप्स ने रूसी मिसाइलों के खतरों के कारण ओडेसा की यात्रा रद्द कर दी।

सात मार्च को कीव का दौरा करने वाले शाप्स को ब्रिटिश खुफिया विभाग ने चेतावनी दी थी कि रूस को उनकी यात्रा योजनाओं के बारे में पता चल गया है।



# किम जोंग को मिला सबसे महंगा तोहफा

## रूस की लग्जरी कार का उठाया आनंद

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तोहफे में लग्जरी ऑरस सीनेट लिमोजिन कार दी है। सितंबर 2023 में रूस में किम और पुतिन की मुलाकात हुई थी। उस दौरान पुतिन ने पुतिन ने किम को अपनी ऑरस सीनेट लिमोजिन कार दिखाई थी। इसके बाद फरवरी में पुतिन ने किम के लिए यह कार प्योंगयांग भेजी थी।

**उत्तर कोरिया-रूस के बीच गहरी होती दोस्ती :** रूस द्वारा किम जोंग को गिफ्ट की गई कार को दोनों देशों के बीच गहरी होती दोस्ती के रूप में देखा जा रहा है। किम जोंग की बहन ने बताया कि शुक्रवार को उनके भाई ने पहली बार इस लग्जरी कार में सफर का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि ह्ययह बात साबित करती है कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच दोस्ती गहरी होती जा रही है ।ह्न

रूस की स्थानीय मीडिया के अनुसार ऑरस लिमोजिन रुस का पहला लग्जरी कार ब्रांड है। देश के बड़े अधिकारियों के काफिले में इस कार का इस्तेमाल किया जाता है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहली बार 2018 में कार की सवारी की थी।

**संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का उल्लंघन :** उधर पर्यवेक्षकों ने रूस द्वारा किम जोंग को दिए गए तोहफे को संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का उल्लंघन बताया है।

दरअसल संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव में बताया गया था कि रुस किसी भी तरह के लग्जरी सामान को उत्तर कोरिया नहीं भेज सकता।

इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह था कि किम जोंग अपने परमाणु विस्तार योजना को रोकें। इसके बावजूद यह देखने को मिला है कि उत्तर कोरिया और रूस पिछले वर्ष तेजी से करीब आ गए।

### किम जोंग के पास लग्जरी कारों का काफिला

किम जोंग के पास विदेशी लग्जरी कारों का पूरा काफिला है। जब किम रूस गए थे तो उन्होंने अलग अलग बैठकों में जाने के लिए मेबैक लिमोजिन कार में सफर किया था। वह कार उन्हें इतनी पसंद आई थी कि उसे अपने साथ ले आए थे। किम द्वारा इस्तेमाल की गई अन्य कारों में एक मर्सडीज मेबैक एस 600 पुलमैन गार्ड और एक मेबैक एस 62 हैं।

# पांचवीं बार पुतिन बने रूस के राष्ट्रपति

## विपक्षी नेता नवलनी की मौत पर बोले- दुखद घटना

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर व्लादिमीर पुतिन ने बड़ी जीत हासिल की है। राष्ट्रपति पद पर जीत के बाद पुतिन ने कहा कि फरवरी में आर्कटिक जेल में विपक्षी नेता की अचानक मौत से पहले वह एलेक्सी नवलनी से जुड़े कैदियों की अदला-बदली के लिए सहमत हो गए थे। नवलनी की मौत को दुखद घटना बताते हुए पुतिन ने कहा कि जेलों में बंद अन्य कैदियों की मौत के मामले भी हैं।



**नवनली की मौत एक दुखद घटना- पुतिन :** रविवार को चुनाव मुख्यालय से अपने संबोधन में पुतिन ने कहा कि जहां तक नवलनी का सवाल है - हां, उनका निधन हो गया। यह एक दुखद घटना है। केवल एक शर्त थी कि हम उसके बदले में उसे वापस न आने देंगे। ऐसी चीजें होती रहती हैं। आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते, यह जीवन का हिस्सा है।

**चुनावों ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया- पुतिन :** रूसी जेल सेवा का हवाला देते हुए बताया कि 16 फरवरी को जेल में बंद रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मृत्यु हो गई। रूसी जेल ने घोषणा की कि नवलनी टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस करने लगे और जिसके बाद लगातार उनके स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की गई। पुतिन ने कहा कि चुनावों ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया है और रूस के लिए आगे कई काम हैं क्योंकि वह पश्चिम के साथ टकराव का अपना रास्ता जारी रखे हुए है।

### हमें कोई डरा नहीं सकता है

अपने संबोधन में पुतिन ने कहा कि चाहे कोई हमें डराने की कितनी भी कोशिश कर ले, चाहे कोई भी हमें, हमारी इच्छाशक्ति को, हमारी चेतना को दबाने की कोशिश कर ले, इतिहास में ऐसा काम आज तक कोई नहीं कर पाया है, न अब होगा और न भविष्य में होगा। रूसी संघ के केंद्रीय चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पुतिन 87.17 प्रतिशत वोट प्राप्त करके राष्ट्रपति चुनाव जीता।

# अपनी सेहत को लेकर खुद जानकारी देंगी केट मिडलटन

**लंदन।** ब्रिटिश राजघराने की बहू और प्रिंसेस ऑफ वेल्स केट मिडलटन की सेहत को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। अब खबर आई है कि केट मिडलटन ने खुद सार्वजनिक तौर पर अपनी सेहत के बारे में जानकारी देने का फैसला किया है। ब्रिटिश मीडिया ने शाही घराने के सूत्रों के हवाले से यह दावा किया है। हालांकि केट कब अपनी सेहत के बारे में किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में जानकारी देंगी, इसका पता नहीं चला है, लेकिन बताया जा रहा है कि इस बारे में केट कोई जल्दबाजी करने के मूड में नहीं हैं।



# बस और तेल टैंकर के बीच भीषण टक्कर




## 21 लोगों की दर्दनाक मौत

**काबुल।** हेरात-कंधार राजमार्ग पर हुआ हादसा अफगानिस्तान के हेलमंद में एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। हेरात-कंधार राजमार्ग पर रविवार सुबह बस और तेल टैंकर के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 से अधिक लोग घायल हैं। हादसे घायल लोगों में से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हेलमंद प्रांत के सूचना और संस्कृति निदेशालय ने कहा कि यह घटना रविवार सुबह हेलमंद प्रांत के ग्रिश्क जिले के यखचल में हुई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना एक बस के मोटरसाइकिल से टकराने और फिर तेल से भरे टैंकर से टक्कर के कारण हुई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

इस दर्दनाक हादसे में बस में सवार 16 यात्रियों, मोटर साइकिल पर सवार 2 लोग और टैंकर में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि घायलों को तुरंत ग्रिश्क जिले और हेलमंद स्थित अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

# पाक ने अफगान सीमा के पार जाकर किए हवाई हमले

## आठ की मौत तालिबान ने दी धमकी



**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के अंदर दो हवाई हमले किए, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई है। तालिबान ने इसे देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। इस हमले में कई महिलाएं और बच्चे भी मारे गए।

**आतंकी लगातार सरहद पर कर रहे हमला- पाकिस्तान :** 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के सत्ता कब्जा के बाद से दोनों देशों के बीच लगातार सीमा विवाद बढ़ गया है। पाकिस्तान का दावा है कि आतंकवादी लगातार सरहद पर हमला कर रहे हैं। प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि लगभग तीन बजे पाकिस्तानी विमानों ने पाकिस्तान की सीमा के पास खोस्त और पक्तिका प्रांतों में घरों पर बमबारी की।

गौरतलब है कि ये हमले शनिवार को पाकिस्तान क्षेत्र के अंदर एक हमले में सात पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने के बाद हुए, जिसके लिए देश के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने जवाबी कार्रवाई की बात कही थी।

# खैबर पख्तूनख्वा में घर की छत गिरने से छह की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक घर का छत गिरने से उसमें रहने वाले छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चा भी शामिल है। यह घटना सोमवार को खबर पख्तूनख्वा प्रांत में दक्षिणी वजीरिस्तान आदिवासी जिले के रघजई इलाके की है।

### मरने वालों में दो बच्चे शामिल

इस घटना में 10 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने बताया कि घायलों की हालत अभी भी गंभीर है। प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना की। इसके साथ ही उन्होंने पीड़ितों के परिवार को सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश भी दिया है।

# पोखरा बनी नेपाल की पर्यटन राजधानी

## अंतरराष्ट्रीय मंच पर ब्रांड बनने में मदद मिलेगी

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने रविवार को गंडकी प्रांत के एक सुरम्य शहर पोखरा को हिमालयी राष्ट्र की पर्यटन राजधानी घोषित किया। सुरम्य फेवा झील के तट पर स्थित बाराही घाट पर आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान यह औपचारिक घोषणा की गई। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जिसमें अनुभवी और लोकप्रिय गायकों द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियां दी गईं। काफी समय से पर्यटन केंद्र के रूप में पहचाने जाने के बावजूद, पोखरा को सभी आवश्यक मानदंडों को पूरा करने के बाद ही पर्यटन राजधानी के रूप में नामित किया गया था।



### रविवार से पूरी रात खुली रहेंगी व्यवसायिक गतिविधियां

पोखरा के मेयर धनराज आचार्य के अनुसार, पोखरा को पर्यटन राजधानी घोषित करने से इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक पहचानने योग्य ब्रांड के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

इस बीच, यह भी घोषणा की गई कि पोखरा में डिस्को, नाइट क्लब और लाइव संगीत स्थल सहित व्यावसायिक गतिविधियां रविवार से पूरी रात खुली रहेंगी।


गंडकी प्रांत के मुख्यमंत्री सुरेंद्र राज पांडे ने कहा कि पोखरा में लेकसाइड, पृथ्वी चौक, महेंद्रपुल और चिपलेढुंगा जैसे क्षेत्रों में बार, रेस्तरां, स्पा, किराना स्टोर और नाश्ते की दुकानें दोपहर 1 बजे तक बिना किसी रुकावट के संचालित होंगी। इन सभी मानकों का पालन करते हुए रविवार रात से लागू कर दिया गया। तदनुसार, भारत सरकार के गजट अधिसूचना के अनुसार, हमने एसबीआई मुख्य शाखा, पटना में एक खाता खोला और जमा किया, जो 10 अप्रैल 2019 को हमारी पार्टी के खाते में जमा कर दिया गया।

# शख्स को थी माइग्रेन की शिकायत, दिमाग में निकला कृमि

## जानलेवा साबित हो सकता है संक्रमण, पत्ता गोभी में पाया जाता है यह कीड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक शख्स को लगातार माइग्रेन की शिकायत की थी। इसके बाद जांच में पता चला कि उसके दिमाग में कृमि (टेपवर्म का लार्वा) है। जानकारी के मुताबिक, 52 वर्षीय शख्स बार-बार माइग्रेन की शिकायत कर रहा था। लेकिन कुछ दिनों में ही हालात बिगड़ने लगी और दवाईयों ने काम करना बंद कर दिया। सीटी स्कैन में पता चला कि लगभग चार महीने से उसके दिमाग में जीवित था और अंडे दे रहा था। यह ऐसा परजीवी कीड़ा है, जो इंसानों और जानवरों को संक्रमित करता है। आमतौर पर यह आंतों में पाया जाता है, लेकिन कुछ परिस्थितियों में इसके लिए दिमाग तक पहुंचना भी कोई मुश्किल काम नहीं है।

अमेरिकन जर्नल ऑफ केस रिपोर्ट में प्रकाशित इस घटना में शोधकताओं ने बताया कि अमेरिका में इससे पहले भी संक्रमित पोर्क (सुअर) के इन्फेक्शन से जुड़े मामले सामने आ चुके हैं, ऐसे में यह एक सामान्य केस है। अब मरीज के दिमाग में जमा गांठ को डॉक्टरों ने खत्म कर दिया है। हालांकि, यह एक ऐसा संक्रमण है, जो किसी की जान भी ले सकता है। सब्जियों में यह कीड़ा पत्ता गोभी में भी पाया जाता है। वहीं, मांसाहारी भोजन में यह कच्चा मांस खाने से दिमाग तक पहुंचता है। डॉक्टरों के मुताबिक, शख्स बचपन से अधपका या कच्चा मांस खाता रहा होगा। अधपके बेकन में कई बैक्टीरिया होते हैं, जो आंत में प्रवेश करके दिमाग तक चले जाते हैं।




### क्या है यह सिस्टिसिरोसिस

सिस्टिसिरोसिस एक तरह का संक्रमण है जो पैरासाइट टेनिया सोलियम के लार्वा के कारण होता है, जिसे पोर्क टैपवार्म भी कहा जाता है, इससे दिमाग में गांठ बनने लगती है। यह शरीर से अपशिष्ट के रूप में बाहर निकल सकता है और संक्रमण फैलाता है।

### कुछ दिनों में ही शख्स की हालत बिगड़ने लगी और दवाइयों ने काम करना बंद कर दिया

# भारत से तनाव के बीच मालदीव तैनात करेगा पहला ड्रोन

● कोस्ट गार्ड्स की संख्या दोगुनी होगी

**माले।** मालदीव और भारत के बीच राजनयिक स्तर पर तनाव बढ़ता दिख रहा है। एक तरफ मालदीव से भारतीय सेना का एक हेलीकॉप्टर जवानों को लेकर भारत लौटा है, तो इसके तुरंत बाद मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा है कि ह्यमालदीव कोई छोटा देश नहीं है।

मुइज्जू ने एलान किया कि उनकी सरकार कोस्ट गार्ड्स की संख्या को दोगुना करने के साथ हवाई ताकत को भी बढ़ाएगी। चीन को समर्थन देने वाले मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू लगातार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि 10 मई के बाद कोई भी भारतीय सैनिक उनके देश के अंदर मौजूद नहीं होगा।

### मुइज्जू का भारत विरोधी अभियान और बिगड़े बोल

मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद ही मालदीव की राजनीतिक परिस्थितियां भी बदली हैं। मालदीव से भारतीय सेना के पहले जत्थे के वापस लौटने के बाद मुइज्जू ने कहा था कि ह्यउन्होंने जो भी किया वो अपने देश की सुरक्षा के लिए किया। इससे बाहरी पार्टियों को समस्या नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रपति बनने से पहले मुइज्जू ने देश में इंडिया आउट अभियान चलाया था। इसके बाद पिछले साल नवंबर में वह मालदीव के राष्ट्रपति बने। राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने भारत से कहा था कि ह्यवह द्वीप राष्ट्र से अपने करीब 90 सैनिकों को वापस बुलाए।ह्न इसके बाद से ही मालदीव से भारतीय सैनिकों ने वतन लौटना शुरू किया। इधर भारत के खिलाफ बिगड़े बोल और उधर चीन के समर्थन में कई अभियानों से साफ होता है कि मालदीव पर चीन का साया मंडरा रहा है।

## सुरक्षा बलों को मजबूत करने पर फोकस



### हिंद महासागर में होगी तैनाती

एक समारोह में मुइज्जू ने घोषणा की है कि ह्यदेश की सुरक्षा के लिए हिंद महासागर पहला ड्रोन तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही सुरक्षा बलों को मजबूत बनाने पर जोर दिया जाएगा। मुइज्जू ने यह बयान एक समारोह के दौरान सामने आया। समारोह में मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) एयर कॉर्प्स और ड्रोन का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान मुइज्जू ने मालदीव के सैन्य बलों को मजबूत करने की घोषणा की।



# अधिकार रैली में कश्यप समाज के साथ-साथ अति पिछड़ों ने भरी हुंकार

## कश्यप, प्रजापति, जाटव, सैनी एवं पिछड़ों ने भाजपा नेता सुरेश कश्यप में जताया भरोसा



### कैराना लोकसभा में कश्यप समाज की संख्या लगभग ढाई लाख है





● भाजपा नेता सुरेश कश्यप ने मोदी व योगी सरकार के काम की सराहना की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कैराना लोकसभा के कस्बा ऊन गांव ढिंढाली में कश्यप समाज प्रजापति, जाटव, सैनी समाज एवं अति पिछड़ों ने अधिकार रैली का आयोजन किया। अधिकार रैली में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार कश्यप ने शिरकत की। रैली में भाजपा नेता सुरेश कश्यप ने मोदी व योगी सरकार के काम की सराहना की। रैली में मुख्य वक्ताओं ने अपनी बात रखी और कहा कि हमारा समाज बीजेपी सरकार को सौ प्रतिशत वोट करता आ रहा है और हर लोकसभा एवं विधानसभा में हमारी संख्या काफी अधिक है। कैराना लोकसभा में कश्यप समाज की संख्या लगभग 2 लाख 50 हजार है, कश्यप समाज के साथ-साथ प्रजापति, सैनी, जाटव, राजपूत, समाज भी अधिक संख्या में है जो कश्यप समाज के समर्थन में रहता है। पहली बार कश्यप समाज ने कैराना लोकसभा से भाजपा से टिकट की मांग की थी। वक्ताओं ने कहा कि हम सरकार के फैसले का सम्मान करते हैं लेकिन कश्यप समाज को सरकार ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कोई टिकट नहीं दिया और ना ही सरकार में कोई हिस्सेदारी दी। अधिकार रैली में आए पूरे जनसमूह ने पूरे समर्थन के साथ भाजपा नेता पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप को अपना नेता मानकर पूर्ण समर्थन दिया और कहा हम पूर्ण रूप से अपने नेता के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। सभी विधानसभा से आए जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप को अपना नेता व अपना चौधरी घोषित किया। अधिकर रैली कार्यक्रम का संचालन संयुक्त भारतीय कश्यप महासभा की महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौहान ने किया। कार्यक्रम में कैराना लोकसभा की पांचों विधानसभा से आए हजारों की संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के आयोजक पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी धर्मवीर कश्यप ,पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी विजेंद्र सिंह, सागर प्रजापति, अंकित जाटव, विशाल सैनी, डॉ रामपाल खेड़ी, सुशील कोरी, डॉ. सतीश कश्यप, राज बहादुर प्रधान, राजीव कछुआ, डायरेक्टर संजीव कश्यप, नेत्रपाल कश्यप पूर्व फौजी, डॉक्टर रणधीर, पंकज कश्यप, विनोद प्रधान, शिव कुमार कश्यप, रामानंद कश्यप, नफे सिंह, अंकित कश्यप, देशपाल कश्यप , डॉ राजेश कश्यप , राजीव कुमार कश्यप शामली,अनिल कश्यप आदि शामिल रहे।।

# डॉक्टर राजवीर सिंह नागर को भावभीनी श्रद्धांजलि













**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डॉक्टर राजवीर सिंह नागर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। गौरतलव है कि भाजपा नेता अशोक नागर के भाई डॉक्टर राजवीर सिंह नागर का 12 मार्च को निधन हो गया था। सोमवार को उनकी शोकसभा उनके पेतृक गांव बंबावड़ में आयोजित की गई। समाज के सभी वर्ग के लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# नगर आयुक्त के निर्देश पर मतदान के लिए जागरूक कर रहे निगम के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन

## 415 वाहनों के जरिए किया जा रहा है शहर को जागरूक





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर जहां निगम अधिकारी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, वहीं मतदान के प्रति जागरूकता के प्रचार के लिए भी बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के माध्यम से भी शहरवासियों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि कूड़ा कलेक्शन वाहनों में भी मतदान जागरूकता के लिए प्रचार किया जा रहा है। लगभग 415 वाहनों में ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से मतदान के लिए शहर को जागरूक किया जा रहा है।

शहर के पांचों जोन में ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से मतदान अवश्य करने के लिए अपील की जा रही है। वोट डालना हम सभी की जिम्मेदारी है दायित्व को याद दिलाते हुए अपना वोट इस्तेमाल करने के लिए कूड़ा कलेक्शन वाहनों से अपील निरन्तर की जा रही है।सभी निगम अधिकारी भी लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाने में जुटे दिखाई दे रहे हैं। सफाई व्यवस्था से लेकर बूथों की तैयारी पर विभाग अनुसार नगर निगम कार्य कर रहा है। अधिकारियों के साथ-साथ अन्य टीम भी लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाने में जुटी हुई हैं।

# पाप, ताप और संताप नष्ट करता है सिद्ध चक्र महामंडल विधानः अभिनव जैन




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के नीतिखण्ड -1 स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सिद्ध चक्र विधान का अनुष्ठान चल रहा है। अनुष्ठान में पार्षद प्रीति जैन तथा पूर्व पार्षद अभिनव जैन भी धर्म लाभ ले रहे हैं। इस अवसर पर अभिनव जैन ने कहा कि छठी शताब्दी में तीर्थकर भगवान महावीर के समय जैन दर्शन का पुनावरण हुआ। जैन परंपरा में पूजा, उपासना का विशेष महत्व है। उपासना में सिद्ध चक्र महामंडल विधान की अधिक महिमा है। यह ऐसा अनुष्ठान है जो हमारे जीवन के समस्त पाप, ताप और संताप नष्ट करता है।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर किया मानक महोत्सव का आयोजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय मानक ब्यूरो की गाज़ियाबाद शाखा द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर मानक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होटल क्लाइड ग्रैंड महाराजपुर, साहिबाबाद में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कुमार अनिमेश शाखा प्रमुख भारतीय मानक ब्यूरो गाज़ियाबाद शाखा और दिनेश गुप्ता चेयरमैन स्टैंडर्ड एडवाइजरी कमेटी, दी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमेंन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कुमार अनिमेष व दिनेश गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में डीपीआरओ बागपत, अमरोहा मेरठ व ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायत संवेदीकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इंडस्ट्री से आये लोगों को मुख्य अतिथि कुमार अनिमेश, दिनेश गुप्ता ने उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में मानक मंथन कार्यक्रम किया गया जिसका उद्देश्य निमार्ताओं को इंडियन स्टैंडर्ड 210 कास्ट आयरन प्रोडक्ट क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर से जागरूक कराना और उसके सुचारु चलन को सुनिश्चित कराना था।

कार्यक्रम में गाज़ियाबाद शाखा के अंतर्गत सभी जिलों से आए विभिन्न प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। संयुक्त निदेशक नवीन अरोड़ा ने सभी प्रतिभागियों को इंडियन स्टैंडर्ड 210 कास्ट आइरन प्रोडक्ट क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर की चर्चा करते हुए गुणवत्ता सुधार की विस्तार से समीक्षा की। प्रतिभागियों ने मानक मंथन का पूरा लाभ उठाया और विकास के प्रति उत्साहित और संतुष्ट दिखे।

# भाजपा नेता के मेडिकल स्टोर पर लाखों की चोरी, शटर पर चादर डालकर वारदात को दिया अंजाम

## सीसीटीवी में नजर आ रहे हैं 5 से 6 संदिग्ध



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** घंटाघर कोतवाली अंतर्गत आने वाले डासना गेट रोड पर चोरों ने फॉमेर्सी की दुकान का शटर तोड़ते हुए करीब 2 लाख रुपए कैश और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह वारदात भाजपा नेता राजीव शर्मा के मालीवाड़ा चौक के पास डासना गेट रोड पर निर्मल फामेर्सी नाम की दवाई की दुकान पर हुई है। बताया जा रहा है यहां करीब दो दर्जन के आसपास कर्मचारी कार्य करते हैं। रात को दुकान बढ़ा के सभी लोग गए थे, सुबह जब आसपास के लोगों ने ताला टूटा देखा और शटर उखड़ा हुआ पाया तो उनको सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की गई, तो लॉकर भी टूटा मिला। जिसमें से कैश गायब था, एसीपी सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया है कि पुलिस को भाजपा नेता की ओर से शिकायत मिली है। पुलिस आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद जांच कर रही है।

सुबह की गई चोरी की वारदात, चादर लेकर आए थे चोर राजीव शर्मा ने बताया है कि यह वारदात सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच में हुई है। चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले लोग 5 से 6 थे। इन्होंने चादर ली हुई थी, पहले शटर के आगे चादर डाली और फिर घुसे शटर तोड़ा और अंदर से कैश और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की वारदात से व्यापारी नाराज हैं और पुलिस से गश्त व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

# कैमा पद्धति पर आधारित होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर किया गया आयोजित

## अगला शिविर 16 जून को लगाया जाएगा




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** कविनगर स्थित चौधरी भवन में कैमा पद्धति पर आधारित एक आशा एक विश्वास होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी तथा बी. के शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह शिविर पिछले आठ सालों से हर तीन माह बाद सावित्री देवी शेर सिंह चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से लगाया जा रहा है।. शिविर में डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. विपुल गोयल, डॉ.शरद कुमार टॉक, डॉ. रैना सचान, डॉ० अरुण अरोड़ा डॉ. दीपान्कर गुप्ता, डॉ. ऋतु सचदेवा, डॉ. सोनिया शर्मा, डॉ. सिद्धान्त शर्मा के सहयोग से शिविर का सफल आयोजन किया जाता है।

इस होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का उद्देश्य जन्म से अल्प विकसित शारीरिक व मानसिक बच्चों को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित कर, इलाज के माध्यम से उनके जीवन की चुनौतियों को दूर करना है। आज तक उत्तर प्रदेश व आसपास के राज्यों के बहुत दिव्यांगजन इस शिविर से लाभान्वित हो चुके हैं। रविवार को लगाये गये शिविर का शुभारम्भ मुरादनगर विधायक अजित पाल त्यागी व बी. के. शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अजित पाल त्यागी व श्री शर्मा ने चिकित्सकों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही शिविर को जनमानस के लिए बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति भी इस तरह के बच्चों के लिए बहुत विशेष न कर पाने पर होम्योपैथिक चिकित्सा बहुत उपयोगी सिद्ध हो रही है। शिविर में डॉ. अनिल रामा, डॉ. विपुल गोयल, डॉ. शरद कुमार टॉक, डॉ. रैना सचान, डॉ. योगेन्द्र सिंह, डी. एस. पी. सिंह डॉ. सिद्धान्त शर्मा, डॉ. सोनिया शर्मा, डॉ. नूतन झाँ व अन्य वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। शिविर में 50 नये व 100 पुराने रोगियों का इलाज किया गया। अगला शिविर तीन माह बाद 16 जून को लगाया जाएगा।

# वार्ड 86 में ग्रीन वैली सोसायटी ने मनाया होली मिलन समारोह





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर के वार्ड 86 में ग्रीन वैली सोसायटी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रुप से महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान, पार्षद मदन राय, साहिबाबाद विस्तारक अजीत पटेल, डीके शर्मा, कवि आरपी शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान चंदन से तिलक कर और गुलाब की पंखुड़ियां से होली खेली गई।

सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। होली मिलन के साथ-साथ कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने कविता सुनाकर लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।

# सुंदरदीप कॉलेज ने जरूरतमंद बच्चों को लेखन सामग्री वितरित की





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजयनगर स्थित अम्बेडकर प्राइमरी स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को सुंदरदीप कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट ने सार्वभोमिक सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए लेखन सामग्री वितरित की। लेखन सामग्री में रबड़, कटर, पैंसिल, नोटबुक, बिस्कुट इत्यदि बच्चों में वितरित किए गये। कार्यक्रम में होटल मैनेजमेंट विभाग के निदेशक डॉ. प्रो. हरवीर सिंह, एच.ओ.डी. मिस सुखप्रीत सिंह, ट्रैनिंग एंड प्लेसमेंट हेड मिस आरती त्यागी एवं विभाग के सभी शिक्षक व छात्र सम्मलित हुए।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुराने साथी जब बरसो बाद मिलते हैं तो पुरानी यादों के साथ नई खुशी मिलती है। महकार सिंह कसाना के आवास पर जब लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर आए तो इन पलों को महकार सिंह कसाना ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।